दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-74 सीहोर, मंगलवार 05 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## विविधि-समाचार

### भारत-चीन संबंधों को नई ऊंचाई देगा शुरू होने वाला व्यापार, सीमा के करीब बसे लोगों को होगा फायदा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। पिथौरागढ़ के लिपुलेख दर्रे से इस जून में भारत-चीन के बीच व्यापार शुरू होने की उम्मीद है। सीमा के आसपास बसे उत्तराखंड और तिब्बत के स्थानीय निवासियों को अच्छा आर्थिक लाभ मिलेगा। व्यापार की शुरुआत होने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों को एक नई ऊर्जा मिलेगी। यही कारण है कि इस व्यापार



को लेकर दोनों देश बहुत उत्साहित हैं। भारत-चीन के बीच लिपुलेख दर्रे से लंबे समय से व्यापार होता रहा है, लेकिन कोरोना काल और भारत-चीन के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच इसे बंद कर दिया गया था। लगभग छह वर्ष बाद व्यापार एक बार फिर शुरू होने जा रहा है। रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच भारत और चीन दोनों ही देश आपसी संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं। लिपुलेख व्यापार इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। मौद्रिक मूल्यों में यह व्यापार बहुत बड़ा नहीं है। दोनों देशों के बीच करीब दो से पांच करोड़ रुपये के बीच का ही व्यापार होता रहा है। सीमा के आसपास बसे चीन और भारत के स्थानीय निवासी इस दर्रे से आपस में व्यापार करते आए हैं, लेकिन रणनीतिक रूप से यह बहुत अहम है। पूरी क्षमता का उपयोग होने से सौ करोड़ रुपये तक व्यापार होने की संभावना है।

### पांच मई को राष्ट्रपति से मिलेंगे सांसद राघव चड्ढा, सीएम मान से पहले मिला मुलाकात का समय

पंजाब(आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पांच मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेंगे। इस प्रस्तावित मुलाकात से पहले राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा तीन अन्य सांसदों के साथ राष्ट्रपति से मिलेंगे। ये सभी सांसद हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं।

राष्ट्रपति कार्यालय ने इन सांसदों को 5 मई को सुबह 10.40 बजे का समय दिया है। बताया जा रहा है कि यह सांसद पंजाब सरकार पर राज्य मशीनरी के कथित दुरुपयोग का मुद्दा उठाएंगे। उनका आरोप है कि राजनीतिक प्रतिशोध के तहत उन्हें निशाना बनाया जा रहा है

### प्रधानमंत्री ने उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन जी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उपराष्ट्रपति विकसित भारत के सामूहिक स्वप्न को सुदृढ़ बनाने की दिशा में बहुआयामी प्रयास कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि संसदीय कार्यवाही की उत्पादकता और प्रभावशीलता बढ़ाने के उनके निरंतर प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सर्वांगीण विकास के प्रति उपराष्ट्रपति का अटूट समर्पण और गरीबों एवं वंचितों के प्रति उनकी चिंता भी उतनी ही प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि उनका सार्वजनिक जीवन समर्पण, अनुशासन और स्पष्ट उद्देश्य की भावना से प्रेरित है। श्री मोदी ने उपराष्ट्रपति के अच्छे स्वास्थ्य, सुख और राष्ट्र की सेवा में निरंतर रत रहते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की।उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वे विकसित भारत के हमारे सामूहिक स्वप्न को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। संसदीय कार्यवाही की उत्पादकता और प्रभावशीलता बढ़ाने के उनके प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। गरीबों और वंचितों के प्रति चिंता के साथ सर्वांगीण विकास के प्रति उनका पूर्ण उत्साह भी उतना ही प्रेरणादायक है। उनका सार्वजनिक जीवन समर्पण, अनुशासन और स्पष्ट उद्देश्यबोध से प्रेरित है।




## विधानसभा चुनाव:

# बंगाल, असम, पुडुचेरी में खिला कमल

## तमिल में विजयरथ, केरल में कांग्रेस



नई दिल्ली, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरलम और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना जारी है। रुझानों में पश्चिम बंगाल में भाजपा ने टीएमसी पर बड़ी बढ़त बना ली है और यहां पहली बार सरकार बना सकती है। असम में भी भाजपा रिकॉर्ड सीटों से सरकार बनाती दिख रही है। तमिलनाडु में अभिनेता से नेता बने थलापति विजय ने बड़ा धमाका करते हुए सभी पार्टियों को पीछे छोड़ दिया है।

**खबर लिखे जाने तक** पश्चिम बंगाल में भाजपा 208 और टीएमसी 79 सीटों पर आगे चल रही है। तमिलनाडु में डीएमके + 59 और अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके 106 और एआईएडीएमके + 72 सीटों पर आगे चल रही है। असम में भाजपा 102 सीटों पर और कांग्रेस 19 सीटों पर आगे है। केरलम में एलडीएफ 35, भाजपा 2 और यूडीएफ 102 सीटों पर आगे है। पुडुचेरी में भाजपा गठबंधन 16 और कांग्रेस गठबंधन 6 सीट पर आगे चल रहा है। असम में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई और एयूआईडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल की किस्मत दांव पर है। केरलम में मुख्यमंत्री पिनरई विजयन, कांग्रेस नेता वीडी सतीशन और भाजपा के राजीव चंद्रशेखर और के सुरेंद्रन मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 और दूसरे चरण में 142 सीटों पर मतदान हुआ था। दोनों ही चरणों में हिंसा और ईवीएम से छेड़छाड़ की खबरें आई थीं। इसके बाद दूसरे चरण में शामिल डाइमंड हार्बर और मगरहाट पश्चिम के 15 बूथों पर 2 मई को दोबारा मतदान कराया गया था। वहीं, फाल्टा सीट पर भी मतदान रद्द कर दिया गया है। इस सीट पर 21 मई को दोबारा वोट डाले जाएंगे।पश्चिम बंगाल में 77 केंद्रों पर मतगणना की जाएगी। राज्य में 780 से ज्यादा कंपनियों के केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। केवल कोलकाता में लगभग 60 कंपनियां तैनात हैं।

### केरलम की जीत पर राहुल गांधी खुश

नईदिल्ली,(आरएनएस)। केरलम के विधानसभा चुनाव ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 का आंकड़ा पार कर लिया है। अकेले कांग्रेस 66 से अधिक सीट जीत रही है। इस जीत पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर अपना संदेश साझा किया है और केरलम की जनता को धन्यवाद कहा है। उन्होंने लिखा कि केरलम में प्रतिभा और क्षमता है और यूडीएफ के पास इन दोनों का सही इस्तेमाल करने का दृष्टिकोण है।राहुल ने एक्स पर लिखा, केरलम में मेरे भाइयों-बहनों का, इस निर्णायक जनादेश के लिए, बहुत-बहुत धन्यवाद।



### विक्रमशिला पुल का 34 मीटर हिस्सा गंगा में गिरा, बड़ा हादसा टला

भागलपुर,(ए)। बिहार के भागलपुर में 4.7 किलोमीटर लंबे विक्रमशिला सेतु का 34 मीटर हिस्सा देर रात गंगा नदी में गिर गया। गनीमत रही कि जिला प्रशासन ने समय रहते पुल पर ट्रैफिक रोक दिया था, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस घटना से सीमांचल सहित बिहार के करीब 16 जिलों की कनेक्टिविटी बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे रोजाना करीब 1 लाख लोगों का आवागमन बाधित हुआ है। यूपी ब्रिज कॉर्पोरेशन द्वारा निर्मित पुल की बीते 10 सालों में तीन बार मरम्मत हो चुकी थी और इसकी आखिरी मरम्मत हाल ही में की गई थी। पुल के धंसने को लापरवाही मानकर पथ निर्माण विभाग ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को तत्काल निलंबित किया है। बिहार राज्य पुल निगम लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ चंद्रशेखर ने भागलपुर पुलिस और जिला प्रशासन की सजगता की सराहना कर कहा कि उनकी तत्परता से ही एक बड़ी अनहोनी को टाला जा सका। उन्होंने बताया कि पुल के रखरखाव के लिए डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) पहले ही भेजी गई थी।

# किसान कल्याण वर्ष में पशुपालकों और दूध उत्पादकों का भी करेंगे कल्याण

### सरकार खरीदेगी दूध, पशुपालकों को दिलाएगी दूध का समुचित दाम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य स्तरीय पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादक सम्मेलन में हुए शामिल

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्वालियर बहुत पुण्य भूमि है, जहां प्राचीनकाल से गौवंश और गौपालन की समृद्ध परम्परा रही है। हम पशुपालन और डेयरी को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ के रूप में तैयार कर रहे हैं। दुग्ध व्यवसाय हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह सभी पशुपालकों के आर्थिक स्वावलंबन का मजबूत माध्यम है। हम प्रदेश के हर किसान और पशुपालक को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार डेयरी क्षेत्र में नवाचार करते हुए निवेश भी बढ़ाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। निवेश आयेगा, तो इस सेक्टर में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। हम हमारे युवाओं को गांवों में ही रोजगार मुहैया

### मध्यप्रदेश को बनाएंगे देश की मिल्क केपिटल

कराने के लिए सभी बेहतर संभावनाओं पर फोकस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन में भी अग्रणी राज्य बने, यही हमारा लक्ष्य है। पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों की आमदनी में वृद्धि करने के लिए हम मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार हर जरूरी कदम उठा रही है। हम अपने प्रयासों से मध्यप्रदेश को देश का मिल्क केपिटल बनाकर रहेंगे। इसके लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल, बेहतर प्रबंधन और सभी पशुपालकों एवं दुग्ध उत्पादकों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को मिल्क केपिटल बनाने में ग्वालियर बड़ी भूमिका निभाएगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को ग्वालियर में राज्य स्तरीय पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए और सम्मेलन में मौजूद सभी को पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन से जुड़कर प्रदेश को मिल्क केपिटल बनाने में सहयोग देने का संकल्प भी दिलाया।

# काउंटिंग सेंटर से बाहर आते ही भड़कीं ममता बनर्जी, मारपीट और लूट का आरोप लगाकर दी ये बड़ी मांग

कोलकाता, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की 293 सीटों पर वोटों की गिनती के बीच एक बड़ा सियासी घमासान शुरू हो गया है। एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में भारी जीत की ओर बढ़ रही है, वहीं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने गंभीर आरोप लगाकर पूरी चुनाव प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। भवानीपुर के काउंटिंग सेंटर में करीब पांच घंटे तक मौजूद रहने के बाद जब ममता बाहर आईं, तो उन्होंने सनसनीखेज दावा करते हुए कहा कि सेंटर के अंदर उनके साथ बदसलूकी की गई, उन्हें धक्का दिया गया और पीटा गया।

#### चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर साधा सीधा निशाना

ममता बनर्जी ने इन नतीजों को सिरे से खारिज करते हुए कड़े तेवर अपनाए हैं। उन्होंने मीडिया के सामने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि यह



भाजपा की जीत नहीं, बल्कि सरेआम की गई लूट है। टीएमसी सुप्रीमो ने चुनाव आयोग पर सीधे तौर पर प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और केंद्रीय बलों के साथ मिलकर धांधली करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस पूरी चुनावी प्रक्रिया को पूरी तरह से गैर-कानूनी बताते हुए निर्वाचन आयोग से तत्काल प्रभाव से राज्य में दोबारा मतगणना (री-काउंटिंग) कराने की मांग की है।

### उत्तर भारत में अंधड़-बारिश से थमा प्रचंड़ गर्मी का दौर, 19 राज्यों में अलर्ट जारी

#### -पहाड़ी राज्यों में गिरेंगे ओले

नईदिल्ली, (आरएनएस)। उत्तर भारत के कई राज्यों में अंधड़-बारिश के कारण मौसम बिगड़ा हुआ है। इससे जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं तूफानी हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। राजस्थान में अंधड़ के कारण हुए हादसों में रविवार को 3 लोगों की मौत हो गई।



भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत 19 राज्यों में बारिश और आंधी चलने की चेतावनी जारी की है।

दिल्ली समेत एनसीआर इलाके में रविवार के बाद सोमवार सुबह हुई बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं के कारण मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग ने 4 मई के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 5 मई को भी ऐसा ही मौसम बना रहेगा, जिससे तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में 6 मई तक बारिश होने का अनुमान है, वहीं उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है।

जम्मू-कश्मीर में 5 मई तक, हिमाचल प्रदेश में 7 मई और उत्तराखंड में 8 मई तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। इस दौरान ओले गिरने के साथ 30-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में रविवार को भूस्खलन के बाद बारामूला-उरी नेशमल हाइवे बंद कर दिया गया। त्रिपुरा में 3 दिनों से हो रही भारी बारिश ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है और अगले 7 दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा। एक तरफ बदले मौसम के कारण गर्मी से राहत मिली है, वहीं दूसरी तरफ तेलंगाना के कई हिस्सों में लू का प्रकोप जारी है।

### पश्चिम बंगाल में जीत के जश्न पर रोक, विजय रैलियों की नहीं होगी अनुमति

कोलकाता(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के परिणाम आते ही विजय जुलूस और जश्न पर रोक लगा दिया गया है। यह रोक एक दिन के लिए लागू रहेगी। कोलकाता पुलिस ने आदेश जारी कर बताया कि सोमवार 4 मई को शांति और सुकून बनाए रखने के लिए, चुनाव नतीजों के संबंध में कोई भी जीत का जुलूस, रैली या सार्वजनिक जश्न नहीं निकाला जाएगा।

### टीएमसी को अपने भ्रष्टाचार का जवाब मिला : हुमायूं कबीर

कोलकता,(ए.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के रुझानों पर आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के अध्यक्ष



हुमायूं कबीर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अपेक्षित हार राज्य में हुए व्यापक भ्रष्टाचार और जनविरोधी फैसलों का सीधा परिणाम है। कबीर ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि जनता ने टीएमसी को आखिरकार जवाब दे दिया है, जो कि टीएमसी को मिलाना चाहिए था।एजेयूपी प्रमुख कबीर ने कहा, मैंने पहले ही अनुमान लगाया था कि भाजपा को टीएमसी से अधिक सीटें मिलेंगी। टीएमसी ने अपने तीन बार के कार्यकाल में सिर्फ लोगों पर अत्याचार किया, जमकर भ्रष्टाचार किया और गलत निर्णय लिए। उन्होंने राज्य में बढ़ती बेरोजगारी, खराब सड़कों, लचर शिक्षा व्यवस्था और अस्पतालों की दयनीय स्थिति का हवाला दिया, जहाँ एक बिस्तर पर तीन-तीन मरीजों का इलाज होता है।

### पुडुचेरी विधानसभा चुनाव परिणाम 2026: थट्टाचवडी सीट पर एन रंगासामी जीते, चौथी बार बनेंगे मुख्यमंत्री

पुडुचेरी (आरएनएस)। पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव 2026 के परिणाम आ गए हैं। यहां की थट्टांचवडी विधानसभा सीट से अखिल भारत एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) के प्रमुख और मौजूदा मुख्यमंत्री एन रंगासामी जीत गए हैं। उनको कुल 10,024 वोट मिले हैं। उन्होंने नेयम मक्कल कड़गम (एनएमके) के ई विनायगम को 4,441 वोट से हराया। कांग्रेस के वी वैथिलिंगम 2,990 वोट पाकर चौथे स्थान पर हैं। अभी तक एआईएनआरसी गठबंधन ने 30 में 8 सीट जीत ली है, जबकि कांग्रेस गठबंधन ने 2 जीती है।थंट्टाचवडी पुडुचेरी के खास औद्योगिक इलाकों में एक है। वर्ष 1974 में अस्तित्व में आई इस सीट से वी पेथापेरुमल पहले विधायक बने थे। वे न केवल कांग्रेस बल्कि जनता पार्टी और जनता दल में रहते हुए 1990 तक लगातार विधायक रहे थे। वर्ष 1991 से 2006 तक एन रंगासामी कांग्रेस से विधायक रहे। 2011 में पहली बार एआईएनआरसी के अशोक आनं ने यहां से खाता खोला था।

# अंबेडकर नगर में भीषण हादसा : दो बाइकों की भिड़ंत के बाद मदद करने पहुंचे लोगों को कार ने कुचला, आठ की मौत

अंबेडकरनगर, (आरएनएस)। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर मार्ग पर अशरफपुर के पास देर रात करीब 12:00 बजे दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार लोग घायल हो गए।दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग उनकी मदद करने के लिए पहुंचे। जिनमें लालचंद्र पुत्र फेंकू निवासी पट्टी मुइथन जलालपुर, उत्तम पुत्र जगतपाल निवासी सेमरा कटका, कैफी पुत्र हसन मोहसिन निवासी लोरपुर ताजन, राजू पुत्र छेदीलाल निवासी सिकंदरपुर सम्मनपुर सहित सम्मनपुर क्षेत्र के जैनापुर निवासी आदित्य व दिव्यांशु दोनों सगे भाइयों की भी घटना में मौत




हो गई। यह दोनों भाई एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जलालपुर गए थे। वापस लौटते समय हादसा हो गया।तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर गाड़ी ने वहां मौजूद लोगों को टक्कर मार दी और गड्ढे में जाकर पलट गई थी। पिता मायाराम का हादसे के बाद से बुरा हाल है। वहीं अभी दो अन्य शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी डॉ जयवीर सिंह ने बताया कि सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। अज्ञात शवों की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे में कटका के सेमरा निवासी उत्तम, सम्मनपुर के जैना निवासी आदित्य (25), इसी गांव के छोटू उर्फ दिव्यांश (14), सम्मनपुर के सिकंदरपुर निवासी राजू गुप्ता (32), जलालपुर के पट्टी मोईन निवासी लालचंद (24), सैदापुर निवासी कैफे (32) आठ लोगों की मौत हो गई।



# विवाहिता की संदिग्ध मौत, घर में फंदे पर मिली लटकी, जांच में जुटी पुलिस

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने घर के भीतर फंदे पर लटककर जान दे दी। सोमवार सुबह महिला का शव कमरे में लटका मिलने से इलाके में दहशत फैल गई । पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, डोली कुमारी (28) कैलाश नगर, सेमरा इंडस्ट्रियल एरिया में अपने परिवार के साथ रहती थीं और पास की एक फैक्ट्री में काम करती थीं। उनके पति रंजीत कुशवाह ऑटो चालक हैं। परिवार में दो छोटे बच्चे भी हैं।बताया जा रहा है कि रोजाना की तरह सोमवार सुबह करीब 6 बजे सास ने डोली को गाय का दूध निकालने के लिए उठाने की कोशिश की, लेकिन वह कमरे में नहीं मिलीं। तलाश करने पर दूसरे कमरे में उनका शव दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने तुरंत उन्हें नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले डोली अपने कार्यस्थल के एक सुपरवाइजर के साथ बाहर गई थीं, जिसे लेकर परिवार में विवाद हुआ था, हालांकि उन्होंने मारपीट से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भोपाल कूच से पहले सख्ती, दर्जनों जिलों में किसान नेता नजरबंद, मुख्यमंत्री निवास जाने की कोशिश नाकाम

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश में किसानों के प्रस्तावित भोपाल कूच से पहले ही प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया। 'राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ' के बैनर तले मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचने की तैयारी कर रहे किसान नेताओं को सोमवार सुबह कई जिलों में घरों में ही नजरबंद (हाउस अरेस्ट) कर दिया गया। वहीं, जो किसान घरों से निकल चुके थे, उन्हें रास्ते में ही रोक दिया गया।बताया जा रहा है कि करीब 30 जिलों से किसान नेता सोमवार को राजधानी पहुंचकर 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपने वाले थे। इसके लिए फंदा टोल नाके पर जुटने की रणनीति बनाई गई थी, लेकिन पुलिस ने आंदोलन शुरू होने से पहले ही उसे विफल करने की कोशिश की। किसान मजदूर महासंघ की युवा इकाई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष त्रिलोक सिंह गोठी को देवास में उनके घर पर ही पुलिस ने नजरबंद कर दिया। गोठी के अनुसार, सुबह से ही पुलिस अधिकारी घर के बाहर तैनात हैं और बाहर जाने नहीं दे रहे। सिर्फ देवास ही नहीं, भोपाल, सीहोर, सिवनी, हरदा, बालाघाट, रतलाम, नीमच, मंदसौर, उज्जैन, आगर मालवा और शाजापुर सहित कई जिलों में यही स्थिति है। राजधानी भोपाल में प्रशासन ने पहले से अलर्ट जारी कर रखा था। शहर की सीमाओं और प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया, जहां बाहर से आने वाले किसानों को रोक दिया गया। इससे किसानों का भोपाल में एकत्रित होने का प्रयास विफल हो गया। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार कक्काजी ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की आवाज से घबराकर दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाया जाएगा। हालांकि प्रशासन ने फिलहाल भोपाल कूच को रोक दिया है, लेकिन किसानों के तेवर नरम पड़ते नहीं दिख रहे। महासंघ ने साफ कर दिया है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने बंगाल के रुझानों में भाजपा की बढ़त पर बंटवाई झालमुड़ी

भोपाल,(निप्र)। पश्चिम बंगाल चुनाव के रुझानों में भाजपा बहुमत का आकड़ा पार कर जबरदस्त तरीके से जीत की ओर आगे बढ़ रही है। इस खुशी के माहौल में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झालमुड़ी बंटवाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उम्मीद नहीं पूरा विश्वास था कि महाविजय होगी, जो विश्वास था, वही नतीजे सामने आए हैं।सोमवार को पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों के मतगणना के रुझान आने के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के भोपाल स्थित घर पर जबरदस्त जश्न का माहौल है। यहां ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाया जा रहा है। इस दौरान मामा के घर पर जमकर आतिशबाजी हुई, साथ ही कार्यकर्ताओं में झालममूड़ी बांटी गई।इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उम्मीद नहीं विश्वास पूरा था महाविजय होगी। एक संकल्प पूरा हुआ, एक सपना साकार हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा गदगद होगी। बंगाल की विजय अद्भुत है, असाधारण है। उन्होंने कहा कि घटिया वोट बैंक की राजनीति को नकार दिया गया। मां, माटी और मानुष का अपमान, घोर जंगलराज और वोट बैंक की राजनीति के चलते घुसपैठ को बढ़ावा दिया जाता था और सबने जनता को एकतरफ भाजपा के साथ और प्रधानमंत्री मोदी के पीछे खड़ा किया। अब यह हार का बहाना तो बनाएंगे ही, जब हारते हैं तो खंबा तो नोंचते ही हैं। कभी ईवीएम, कभी एसआईआर, लेकिन जनता का ऐसा दुर्लभ आशीर्वाद मिला, जिसे पूरी दुनिया और देश देख रहा है। शिवराज सिंह ने कहा कि असम का असाधारण प्रदर्शन है। तमिलनाडु में भी जिनका काम भाजपा का विरोध था, वह आज चारोखाने चित्त है। पुडुचेरी में फिर एनडीए की सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि जनता साथ है... अमित शाह की अचूक रणनीति, मोदी जी का अभिनंदन, नितिन जी को धन्यवाद और बंगाल, असम, पुडुचेरी की जनता का दिल से आभार।

# भोपाल में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना, एसडीएम ऑफिस के बाहर डाला डेरा

भोपाल, (निप्र) । मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में किसानों का गुस्सा अब सड़कों पर नजर आने लगा है। सोमवार सुबह से एमपी नगर स्थित एसडीएम कार्यालय के बाहर दर्जनों किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी, स्लॉट बुकिंग की अव्यवस्था, राजस्व मामलों में देरी और जमीन अधिग्रहण जैसे मुद्दों को लेकर किसान लामबंद हुए हैं।एमपी नगर और हुजूर तहसील के किसान इस आंदोलन में शामिल हैं। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत और आवेदन देने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, जिससे उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। किसान कुबैर सिंह राजपूत ने बताया कि तहसील से जुड़े कई मामलों में किसानों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें गेहूं बेचने के लिए स्लॉट बुकिंग, किसान सम्मान निधि, फार्मर आईडी, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, फसल बीमा और बिजली से जुड़ी समस्याएं प्रमुख हैं। उनका आरोप है कि राजस्व प्रकरणों में देरी और 'बाबूवाद' के चलते किसानों को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा। किसानों का कहना है कि सरकारी खरीदी केंद्रों पर पोर्टल की खराबी और स्लॉट बुकिंग न होने के कारण गेहूं की खरीदी समय पर नहीं हो पा रही। नतीजतन, फसल खेतों और घरों में पड़ी है, जिससे खराब मौसम में नुकसान का खतरा बढ़ गया है।

# आंतरिक सुरक्षा सुदृढ़ीकरण की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस की बड़ी पहल

**डीजीपी कैलाश मकवाणा के मुख्य आतिथ्य में एनएसजी के सहयोग से कॉम्प्रिहेन्सिव कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन**

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़, तकनीकी रूप से सक्षम तथा भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (NSG) के सहयोग से आयोजित कॉम्प्रिहेन्सिव कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम का आज रवीन्द्र भवन में समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 07 अप्रैल से 04 मई 2026 तक स्पेशल ब्रांच ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश की विभिन्न विशेष इकाइयों के चयनित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि वर्तमान समय में ड्रोन हमलों सहित नई प्रकार की आतंरिक सुरक्षा चुनौतियां सामने आ रही हैं, जिनसे निपटने के लिए इस प्रकार का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि माननीय केंद्रीय गृह मंत्री की पहल पर एनएसजी एवं मध्यप्रदेश पुलिस के मध्य एमओयू संपादित




किया गया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में एटीएस, सीटीजी, बीडीएस, विशेष सशस्त्र बल एवं वीआईपी सुरक्षा से जुड़े कुल 432 अधिकारियों/कर्मचारियों ने सहभागिता की। इस दौरान 8 प्रमुख विषयों—क्लोज प्रोटेक्शन, काउंटर टेररिज्म, टैक्टिकल ड्राइविंग, बॉम्ब डिस्पोजल, एंटी ड्रोन, स्नाइपर, के-9 एवं पीएसओ पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डीजीपी ने एटीएस एवं अन्य इकाइयों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश नक्सल उन्मूलन की दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर चुका है। साथ ही भोपाल में एक आधुनिक सिटीजी ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किए जाने हेतु प्रयास जारी हैं, जो भविष्य में पुलिस बल के क्षमता विकास में सहायक होगा। डीजीपी श्री मकवाणा ने आगामी सिंहस्थ 2028 का उल्लेख करते हुए कहा कि इस विशाल आयोजन के दौरान आंतरिक सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं ट्रैफिक नियंत्रण में प्रशिक्षित बल की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने एनएसजी के प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल का उपयोग राष्ट्र एवं समाज की सुरक्षा में प्रभावी रूप से किया जाए। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि हस्त्र के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया यह प्रशिक्षण अत्यंत उच्च स्तर का, व्यावहारिक एवं आधुनिक तकनीकों पर आधारित रहा।




नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला और अन्य अतिथियों ने सौर संयंत्रों के ग्रिड लोड संबंधी रिपोर्ट का विमोचन किया।

# तौल पर्ची बनाने का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक किया गया

**7.48 लाख किसानों से 39.02 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का हुआ उपार्जन : खाद्य मंत्री श्री राजपूत**

भोपाल (ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 7 लाख 48 हजार किसानों से 39 लाख 2 हजार मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने बताया है की तौल पर्ची बनाने का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक तथा देयक जारी करने का समय रात 12 तक कर दिया गया है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि अभी तक 14 लाख 75 हजार किसानों द्वारा गेहूँ उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कराए गए हैं। किसानों के हित में गेहूँ उपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई 2026 तक की गई। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल कांटों की संख्या में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही एनआईसी सर्वर की क्षमता एवं संख्या में वृद्धि कराई गई। खाद्य विभाग द्वारा प्रति घंटा स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन की मॉनिटरिंग की जा रही है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि किसानों को 6490.56 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाए आदि की व्यवस्थाएँ की गई हैं। किसानों के उपज की तौल समय पर हो सके, इस हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं।

# भोपाल मंडल ने अप्रैल माह में 63 हजार से अधिक मामलें पकड़े



**टिकट चेकिंग अभियान से 4.6 करोड़ जुर्माना वसूला**

भोपाल (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन व वाणिज्य विभाग की टीम के आपसी समन्वय से वर्तमान वित्तीय वर्ष प्रथम माह अप्रैल 2026 में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट के 31,107 मामलें, अनुचित टिकट के 32,469 मामलें एवं 257 बिना बुक गये सामान के मामलें पकड़े गए जिससे भोपाल मंडल को केवल अप्रैल में कुल 63,833 मामलों से कुल 4.6 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इससे भोपाल रेल मंडल के आय में बढ़ोत्तरी हुई। जो कि वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा किया गया सराहनीय कार्य है । वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया नें यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# पशुपतिनाथ (नेपाल) दर्शन यात्रा हेतु भारत गौरव डीलक्स एसी ट्रेन का संचालन

**भारत गौरव ट्रेन मंडल के रानी कमलापति एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेगी**

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश एवं आसपास के क्षेत्रों के तीर्थ यात्रियों के लिए आईआरसीटीसी द्वारा भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह विशेष ट्रेन दिनांक 12 जून 2026 को इंदौर से पशुपतिनाथ (नेपाल) दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जहां से यात्री इस यात्रा में सम्मिलित हो सकेंगे। इस 09 रात/10 दिन की धार्मिक यात्रा के दौरान यात्रियों को नेपाल के प्रमुख दर्शनीय एवं धार्मिक स्थलों जैसे चितवन राष्ट्रीय उद्यान, पोखरा एवं काठमांडू का भ्रमण कराया जाएगा।

यात्रा पैकेज (प्रति व्यक्ति - डबल ऑक्यूपेंसी)

3 A C (कंफर्ट श्रेणी) -62,710/-

2 A C (डीलक्स श्रेणी) -76,550/-

1 A C (सुपीरियर श्रेणी) -90,400/-

**पैकेज की प्रमुख सुविधाएं**

आई.आर.सी.टी.सी. द्वारा इस सर्वसमावेशी टूर पैकेज में यात्रियों को निम्न सुविधाएं प्रदान की जाएंगी—



भारत गौरव डीलक्स एसी ट्रेन में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड एवं ऑफ-बोर्ड शुद्ध भोजन (रेल रेस्टोरेंट सेवा सहित), दर्शनीय स्थलों हेतु एसी बसों द्वारा स्थानीय परिवहन, होटल में ठहरने की समुचित व्यवस्था, टूर एस्कॉर्ट की सुविधा, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा एवं हाउसकीपिंग सेवाएं । इच्छुक यात्री इस यात्रा की बुकिंग आई.आर.सी.टी.सी. की आधिकारिक वेबसाइट www.irctctourism.com पर ऑनलाइन अथवा अधिकृत एजेंटों के माध्यम से कर

# गरुड़ पोर्टल से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की होगी केंद्रीकृत रीयल-टाइम मॉनिटरिंग

**पारदर्शिता एवं संचालन की दक्षता में होगा उल्लेखनीय सुधार**

भोपाल (ए.)। गरुड़ पोर्टल से प्रदेश के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की केंद्रीकृत रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जायेगी। इससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता के संचार के साथ संचालन की दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे सीवेज प्रबंधन की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाया जा सकेगा और समय पर निर्णय लेने में सुविधा होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) द्वारा राज्य में सीवेज प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़, आधुनिक एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल की गई है। मध्यप्रदेश में अपनी तरह की यह प्रथम केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली है, जो वास्तविक समय में डेटा ट्रैकिंग के साथ-साथ उत्कृष्ट परिचालन निरीक्षण एवं त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया को अत्यंत सशक्त बनाती है। इस युगांतरकारी व नवाचारपूर्ण पहल से राज्य में पर्यावरण संरक्षण, जल गुणवत्ता के संवर्धन एवं नगरीय स्वच्छता के संकल्प को अभूतपूर्व मजबूती मिलने की पूर्ण अपेक्षा है।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 77 वर्षीय महिला की मौत, दवा लेकर लौट रही थीं घर




भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के पॉलिटेक्निक चौराहे पर रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 77 वर्षीय बुजुर्ग महिला की जान चली गई। तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। इलाज के दौरान सोमवार तड़के उनकी मौत हो गई।पुलिस के अनुसार, मृतका पार्वती सिंह ठाकुर, निवासी बाणगंगा, प्रताप नगर, रविवार रात करीब 9 बजे दवा लेने घर से पैदल निकली थीं। वे पॉलिटेक्निक स्थित मेडिकल स्टोर से ब्लड प्रेशर और सिरदर्द की दवा लेकर वापस लौट रही थीं। इसी दौरान चौराहे पर बाइक क्रमांक एमपी`4 वीडी 3745 सवार युवक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी युवक ने ही घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया और भर्ती कराकर मौके से फरार हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी हालत बिगड़ती गई और अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका के दामाद भंवरलाल सोलंकी के मुताबिक, आरोपी खुद को होमगार्ड का जवान बता रहा था। वही घायल महिला को स्मार्ट सिटी अस्पताल लेकर गया था। परिजन ने पुलिस को बाइक का नंबर उपलब्ध करा दिया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# महिला आरक्षण कानून के क्रियान्वयन की मांग तेज, महिला कांग्रेस ने शुरू किया पोस्टकार्ड अभियान



भोपाल, (संदीप पंडा)। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस ने महिला आरक्षण कानून के शीघ्र क्रियान्वयन की मांग को लेकर एक देशव्यापी पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत की है। इसी क्रम में सोमवार को भोपाल के टी.टी. नगर पोस्ट ऑफिस से प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड भेजकर अपनी मांग दर्ज कराई गई।अभियान के दौरान महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कहा कि लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण कानून को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। उनका मानना है कि यह कानून महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम साबित होगा।संगठन की ओर से यह भी मांग उठाई गई कि आरक्षण लागू करते समय सामाजिक न्याय के सिद्धांतों का पालन किया जाए और ओबीसी, एससी तथा एसटी वर्ग की महिलाओं को भी उनका संवैधानिक अधिकार और उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद संतोष कंसाना, महासचिव रूपाली शर्मा और महक राणा, ब्लॉक अध्यक्ष रतन पांडे सहित माया विश्वकर्मा और रेखा मोड समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहीं। महिला कांग्रेस ने केंद्र सरकार से अपील की है कि महिला आरक्षण कानून को बिना देरी लागू करते हुए सभी वर्गों की महिलाओं के लिए समान और न्यायसंगत अवसर सुनिश्चित किए जाएं।

# विश्वविद्यालय शिक्षा का केन्द्र होने के साथ ही राष्ट्र निर्माण का भी स्थल होता है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव


**ग्वालियर प्रदेश के एजुकेशन हब के रूप में नई पहचान गढ़ने की ओर अग्रसर है**



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर प्राचीन काल से ही वीरता, विद्वता और कला का शिखर रही है। ऋषि गालव विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही ग्वालियर प्रदेश के एजुकेशन हब के रूप में नई पहचान गढ़ने की ओर अग्रसर है। एक विश्वविद्यालय शिक्षा का केन्द्र होने के साथ ही राष्ट्र निर्माण का भी स्थल होता है। ऋषि गालव के नाम पर बनने वाला यह संस्थान हमारी आने वाली पीढ़ियों को संस्कार, संस्कृति और कौशल से सुसज्जित कर राष्ट्र निर्माण का अग्रदूत बनाएगा। मध्य भारत शिक्षा समिति के संस्थापक श्रद्धेय सदाशिव गणेश गोखले का त्याग पूजनीय है, उन्होंने 85 वर्ष पहले 21 जुलाई 1941 को इस समिति नींव रख पराधीनता के कठिन काल में शिक्षा की अलख जगाने का संकल्प लिया। एक स्कूल से शुरू हुआ यह सफर चार महाविद्यालयों, पांच विद्यालयों और एक खेल अकादमी तक पहुंचा। वर्तमान में विभिन्न संस्थाओं में 5 हजार से अधिक विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। ऋषि गालव विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा के साथ आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजी की शिक्षा भी छात्रों को मिलेगी। इसका लक्ष्य ऐसा नागरिक तैयार करना है, जो ज्ञानवान, चरित्रवान, नवाचारी और समाज के लिए उत्तरदायी हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ऋषि गालव विश्वविद्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

# भोपाल मंडल में ऊर्जा संरक्षण हेतु नवकरणीय ऊर्जा के प्रयोग को प्रोत्साहन

**संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गुना, हरदा, नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन एवं बीना मेमू शेड सहित प्रमुख स्थानों पर सौर ऊर्जा संयंत्र कार्य प्रगति पर**



भोपाल (निप्र)। ऊर्जा संरक्षण की दिशा में डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (सामान्य) संजय मनोरिया के नेतृत्व में भोपाल रेल मंडल नवकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयासरत है। मंडल द्वारा सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिला है, बल्कि रेलवे को राजस्व बचत का भी लाभ प्राप्त हुआ है।

**1. CAPEX मोड पर सौर संयंत्र:**

भोपाल मंडल के अंतर्गत 71 स्थानों ( विभिन्न रेस्ट हॉउस, बीना रेलवे हास्पिटल, आरपीएफ बैरक, रनिंग रूम भोपाल एवं इटारसी इत्यादि) पर लगभग 816 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित किए गए हैं। इन संयंत्रों से प्रतिमाह लगभग 97,000 यूनिट बिजली उत्पन्न हो रही है, जिससे लगभग 8.73 लाख रूपये मासिक की बचत हो रही है।

**2. RESCO मोड पर सौर संयंत्र**

इसके अतिरिक्त मंडल में 7 स्थानों (भोपाल, इटारसी, सांची रेलवे स्टेशन, डीआरएम कार्यालय, विधुत इलेक्ट्रिक शेड एवं डीजल लोको शेड इटारसी तथा इटारसी स्कूल) पर कुल 1.69 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र RESCO मोड पर पहले से संचालित हैं। इनसे प्रतिवर्ष लगभग 24 लाख यूनिट्स बिजली का उत्पादन हो रहा है, जिससे मंडल को लगभग 223 लाख वार्षिक बचत हो रही है।

**3. नवीन पहल**

भोपाल मंडल ने 8 स्थानों पर नवकरणीय ऊर्जा में बड़ा कदम उठाते हुए संत हिरदाराम नगर, विदिशा, शाजापुर, गुना, हरदा, ब्यावरा राजगढ़, नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन एवं बीना मेमू शेड में 1.07 मेगावाट क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट RESCO मोड पर लगाने हेतु पहल की है वर्तमान में यह कार्य प्रगति पर है। जिसकी लागत 4.5 करोड़ है। इससे प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख यूनिट्स विद्युत उत्पादन की संभावना है। इन संयंत्रों का संचालन फर्मद्वारा 25 वर्षों के लिए किया जाएगा तथा रेलवे द्वारा उत्पादित यूनिट्स का भुगतान किया जाएगा। सीनीयर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में इन पहलों से न केवल रेल मंडल की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता मिलेगी, बल्कि सतत विकास की दिशा में एक सशक्त

# राज्य आनंद संस्थान की पहल : 2160 शिक्षक होंगे आनंद सभा के प्रशिक्षक

**विद्यालयों में परिपूर्ण जीवन शिक्षा की ओर कदम - आनंद सभा कार्यशालाएँ**

भोपाल (निप्र) राज्य आनंद संस्थान द्वारा प्रदेश में शिक्षा को मानवीय एवं मूल्य-आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत प्रदेश के शासकीय स्कूली शिक्षकों के लिये 6 दिवसीय आवासीय कार्यशालाओं की श्रृंखला आयोजित की जा रही है, जिसका शुभारंभ वाल्मी, ईटीसी सेंटर नीलबड़ और राज्य आनंद संस्थान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष कुमार ने किया। इस व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 18 कार्यशालाएँ आयोजित होंगी, जिनमें प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 2160 शिक्षक सहभागिता करेंगे।राज्य आनंद संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार ने कहा कि आनंद सभा के अंतर्गत हमारा लक्ष्य है कि विद्यालयों में आनंद सभा के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन के गहरे मूल्यों से जोड़ा जाए।

# कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

दतिया (ए.)। कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े की अध्यक्षता में आज सोमवार को न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की साप्ताहिक विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति पर गहन चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री वानखेड़े ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (सीएम हेल्पलाइन) पर विशेष जोर देते हुए कहा कि 50 दिवस से अधिक लंबित कोई भी शिकायत नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनमोल पोर्टल एवं स्वास्थ्य पोषण सेवाओं की सतत निगरानी पर बल देते हुए डेटा को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने एंटीनेटल केयर रजिस्ट्रेशन, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी




मैनेजमेंट एवं सीवियर एनीमिया केसेज की लक्ष्य के अनुरूप प्रगति कम पाए जाने पर बीपीओ सेवढ़ा एवं भांडेर को फटकार लगाते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके अलावा, पीआईसीयू (बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा ईकाई) एवं एनआरसी (पोषण पुनर्वास केन्द्र ) की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने इन इकाइयों की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं स्टाफ की पर्याप्तता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिशु मृत्यु दर एवं कुपोषण को कम करने के लिए इन यूनिट्स का पूर्ण उपयोग अनिवार्य है। कलेक्टर श्री वानखेड़े ने बैठक के अंत में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आगामी साप्ताहिक समीक्षा में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.के. वर्मा, अधीक्षक दतिया मेडिकल कॉलेज डॉ. अर्जुन सिंह सहित जिले के अन्य चिकित्सकगण, बीपीओ, एएनएम एवं संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## पत्नी से विवाद के बाद कारोबारी ने खुद को मारी गोली, मौत

इन्दौर (ए) एक सनसनीखेज घटनाक्रम में कल देर रात शहर प्रतिष्ठित कारोबारी सुधीर पाटनी पिता राजवीर पाटनी ने अपने घर में ही खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उनका हार्डवेयर का कारोबार है। मामला लसूडिया थाना क्षेत्र का है। और मृतक सुधीर पाटनी बांबे हास्पिटल का समीप शांति निकेतन कालोनी में अपनी पत्नी के साथ रहते थे। उनके दो बच्चे एक बेटा और एक बेटी हैं जो विदेश में रहते हैं। बताया जा रहा है कि सुधीर का यह कदम उठाने से पहले अपनी पत्नी के साथ विवाद हुआ था जिसके फलस्वरूप ही उन्होंने यह कदम उठाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवा कार्रवाई शुरू कर दी है। डीसीपी जोन-2 अमरेंद्र सिंह चौहान के अनुसार सुधीर पाटनी और उनकी पत्नी के बीच में रात में विवाद हुआ था।

## जिले में कहीं भी शासकीय भूमि या नदी किनारे ईट-भट्टों का संचालन ना होने पाए - कलेक्टर



विदिशा (ए.)। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में कहीं भी शासकीय जमीनों या नदी किनारे अवैध ईट भट्टों का संचालन नहीं होने पाए। यदि शासकीय जमीनों या नदी किनारों पर ईट भट्टों का संचालन पाया जाता है तो इस पर स्थानीय एसडीएम और तहसीलदार सख्त कार्यवाही करेंगे। इसके लिए उन्होंने बैठक में वर्चुअल जुड़े जिले के सभी अनुविभागी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। बैठक में श्रम विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने श्रमोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में लापरवाही बरतने पर श्रम अधिकारी और डीपीसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पीएम श्रम योगी मानधन योजना के कार्यों, शासकीय सेवकों के पेंशन के लंबित प्रकरणों, न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण कार्यों की भी समीक्षा की गई है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीएम मॉनिट तहत लंबित प्रकरणों की समीक्षा भी की है उन्होंने ऑनलाइन वीसी के माध्यम से जुड़े खंड स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर इन प्रकरणों के प्रतिवेदन भेजे हैं या नहीं भेजे के संबंध में चर्चा की और प्रकरणों का हल करने के लिए शीघ्र अति शीघ्र जिला कार्यालय को प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। विशेष कर शासकीय अवकाश में भी वह बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। बैठक के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं के संबंध में भी कलेक्टर ने दिशा-निर्देश दिए हैं इस दौरान उन्होंने एनआरसी वार्ड में भर्ती बच्चों की जानकारी भी प्राप्त कर क्रियान्वित कार्यों का जायजा लिया।

## चैकोबरी न्यूट्रीशन प्राइवेट लिमिटेड से अनाधिकृत 77 कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त



ग्वालियर (ए.)। एलपीजी गैस सिलेण्डरों को लेकर कलेक्टर श्रीमती रूचिका चैहान के निर्देशों के परिपालन में खादय विभाग की टीम ने चैकोबरी न्यूट्रीशन प्राइवेट लिमिटेड महाराज पूरा इंडस्ट्रियल एरिया पिंटो पार्क की जांच की। जांच के दौरान मौके से 77 अनाधिकृत कमर्शियल गैस सिलेंडर मिले। इन सभी सिलेण्डरों को खादय विभाग की टीम ने जब्त कर राजा गैस डीलर के सुपूर्द किए हैं। ग्वालियर में कमर्शियल गैस सिलेंडर को लेकर कलेक्टर श्रीमती रूचिका चैहान ने निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के परिपालन में कमर्शियल स्थलों पर गैस सिलेण्डरों की जांच की जा रही है। सोमवार को जिला आपूर्ति नियंत्रक अरविंद सिंह भदौरिया के नेतृत्व में खादय विभाग की टीम ने चैकोबरी न्यूट्रीशन प्राइवेट लिमिटेड की जांच की। जांच के दौरान मौके से अनाधिकृत 77 कमर्शियल गैस सिलेंडर टीम ने जब्त किए। जांच के दौरान सहायक आपूर्ति अधिकारी महावीर सिंह राठौर और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कुलदीप सिंह राजावत उपस्थित रहे।

# लापरवाही पर सख्ती अंत्येष्टि राशि में देरी पर सचिव निलंबित ई-केवाईसी में ढिलाई पर वेतन रोकने के निर्देश



समय सीमा बैठक आयोजित

राजगढ़ (ए.)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को समय सीमा बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि हितग्राहियों को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में ई-केवाईसी कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर नगर परिषद खिलचीपुर, माचलपुर, तलेन एवं जीरापुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ई-केवाईसी में अपेक्षित प्रगति नहीं करने वाले संबंधित अधिकारियों की वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आधार निर्माण एवं ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के लिए विशेष शिविर आयोजित कर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। सार्थक अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि अटेंडेंस कहां से दर्ज हो रही है, इसकी विस्तृत जांच की जाए। साथ ही सार्थक ऐप में कमजोर प्रदर्शन पर जिला योजना अधिकारी एवं आबकारी विभाग को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में पीओ डूडा को भी नियमित रूप से अटेंडेंस दर्ज करने तथा आवश्यकता पड़ने पर भोपाल स्तर से जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। सार्थक अटेंडेंस में खराब प्रदर्शन पर बीएमओ नरसिंहगढ़ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं बीएमओ ब्यावरा के प्रति भी असंतोष व्यक्त किया गया, जहां बड़ी संख्या में कर्मचारियों के अवकाश पर रहने पर नाराजगी जताई गई। साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ई-ऑफिस में लंबित फाइलों पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने तथा प्रत्येक लंबित प्रकरण का कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिए। जिला पेंशन अधिकारी से लंबित पेंशन प्रकरणों की भी गहन समीक्षा की गई। उन्होंने पेंशन संबंधी प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटना के मामलों की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं की 4 एएनसी की रिपोर्ट तहसील स्तर पर नियमित रूप से संधारित एवं मॉनिटर की जाए, ताकि मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में नियमित मॉनिटरिंग बनाए रखें, जिससे आमजन को समयबद्ध लाभ मिल सके। साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा संबल योजना में बेहतर कार्य करने पर सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद की सराहना भी की। अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही न बरतने और हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए।

## अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण, प्रगणकों को दिए आवश्यक निर्देश



विदिशा (ए.)। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी अनिल कुमार डामोर ने आज जनगणना कार्यों की प्रगति एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। इस दौरान बासौदा (ग्रामीण), शहरी क्षेत्र एवं त्योंदा क्षेत्र के चयनित वार्डों एवं गणना ब्लॉकों का निरीक्षण कर जनगणना कार्यों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान बासौदा ग्रामीण क्षेत्र में जनगणना कार्य पूर्ण करने वाले प्रगणकों एवं संबंधित कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी गईं तथा उनके कार्यों की सराहना की गई। साथ ही, शेष क्षेत्रों में कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसी क्रम में बासौदा (शहरी) एवं त्योंदा के विभिन्न वार्डों एवं गणना ब्लॉकों का निरीक्षण कर प्रगणकों को नामांकन एवं अन्य लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना कार्य शासन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसे निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करना आवश्यक है।

# व्यापार समाचार

## सोना और चांदी की कीमतों में फिर गिरावट, खरीदारी करने का बना अच्छा मौका, जानिए ताजा भाव

मुंबई ,(आरएनएस)। अमेरिका-ईरान तनाव के बीच सोने और चांदी में गिरावट का दौर जारी है और सोमवार को यह लाल निशान में खुले।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना का 5 जून 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,51,532 रुपए के मुकाबले 382 रुपए या 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,51,150 रुपए पर खुला। सुबह 10 बजे सोना 252 रुपए या 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,51,100 रुपए पर था। अब तक के कारोबार में सोने ने 1,50,860 रुपए का न्यूनतम स्तर और 1,51,347 रुपए का उच्चतम स्तर बनाया है। चांदी का 3 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,50,937 रुपए के मुकाबले 238 रुपए या 0.094 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,50,699 रुपए पर खुला। फिलहाल चांदी 574 रुपए या 0.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,50,363 रुपए पर था।चांदी ने अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,49,760 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,51,231 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी में गिरावट जारी है। कॉमेक्स पर सोना 0.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,619 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.065 डॉलर प्रति औंस पर थी।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद




### सेंसेक्स 356 , निफ्टी 121 अंक उछला

मुंबई (ए.)। घरेलू शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। इसके अलावा मध्य पूर्व में तनाव कम होने से भी बाजार उछला है। बंगाल और असम में चुनाव परिणामें में भाजपा की जीत से भी बाजार में उत्साह का माहौल है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 355.90 अंक बढ़कर 77,269.40 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 121.75 अंक बढ़कर 24,119.30 पर बंद हुआ। व्यापक बाजारों में भी तेजी रही। निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.70 फीसदी और निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.63 फीसदी की बढ़त रही।

वहीं निफ्टी रियल्टी और निफ्टी मेटल ने बेंचमार्क इंडेक्स में करीब 2.41 फीसदी और 1.09 फीसदी की तेजी रही। वहीं, निफ्टी आईटी और निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी प्राइवेट बैंक के शेयरों में गिरावट रही। निफ्टी में अदाणी पोर्ट्स के शेयर उछले, इसके अलावा आयशर मोटर के शेयरों में 3.11 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा, अदाणी इंटरप्राइजेज, श्रीराम फाइनेंस, एचयूएल, एलएंडटी, मैक्स हेल्थ, ग्रासिम, इटरनल और सिप्ला के शेयरों में भी बढ़त रही जबकि कोटक बैंक, भारती एयरटेल, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, ओएनजीसी, टीसीएस, इंडिगो, इंफोसिस और आईटीसी के शेयरों में गिरावट आई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऑपरेशन फ्रीडम की घोषणा से बेंट ब्रेंट क्रूड की कीमतें 2.45 फीसदी तक गिरीं।आज एशियाई बाजारों में बढ़त रही जबकि अमेरिकी शेयर बाजार में मिश्रित रुख रहा, जिसमें एसएंडपी 500 और नैस्डैक ने रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार किया। इससे पहले आज सुबह शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 621.31 अंक चढ़कर 77,534.81 के स्तर पर पहुंच गया, जो निवेशकों के मजबूत भरोसे को दर्शाता है। वहीं निफ्टी 164.65 अंकों की बढ़त के साथ 24,162.20 पर पहुंचा। इसी तरह एशियाई बाजारों में दर्ज की गई तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट ने भारतीय बाजारों को सकारात्मक गति प्रदान की।

## रुपया 11 पैसे टूटकर 94.95 प्रति डॉलर पर खुला




मुंबई (ए.)। पश्चिम एशिया में जारी तनाव से बाजारों में अस्थिरता बनी रहने के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 11 पैसे टूटकर 94.95 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ब्रेंट तेल की कीमत 108 अमेरिकी डॉलर के आसपास बनी हुई है जिससे भारत जैसी तेल आयात करने वाली अर्थव्यवस्थाएं दबाव में हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.95 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.84 पर बंद हुआ था। महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शेयर बाजार और मुद्रा बाजार बंद थे।

## वैश्विक बाजारों में तेजी और चुनावी नतीजों के जोश में झूम उठा शेयर बाजार, रियल्टी और आईटी में जमकर हो रही खरीदारी

मुंबई ,(आरएनएस)। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों की गहमागहमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती से भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत सोमवार को सकारात्मक हुई। सेंसेक्स 343.77 अंक या 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,257.27 और निफ्टी 66 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,063.55 पर था।

शुरुआती कारोबार में रियल्टी और आईटी शेयरों में खरीदारी देखी गई। सूचकांकों में निफ्टी रियल्टी और निफ्टी आईटी टॉप गेनर था। निफ्टी ऑटो, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी मेटल, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और निफ्टी फार्मा के साथ करीब सभी सूचकांक हरे निशान में थे।

सेंसेक्स पैक में मारुति सुजुकी, अदाणी पोर्ट्स, एचयूएल, एलएंडटी, एमएंडएम, इंडिगो, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, एसबीआई, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस, सन फार्मा, टाइटन और टेक महिंद्रा गेनर्स थे। कोटक महिंद्रा बैंक, टीसीएस, इटरनल, एचसीएल टेक, आईटीसी, बीईएल और भारती एयरटेल लूजर्स थे।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी बनी हुई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 442 अंक या 0.74 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,226 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 128 अंक या 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,136 पर था।

वैश्विक बाजार में तेजी बनी हुई है। हांगकांग, सोल और जाकार्ता के बाजार हरे निशान में थे। वहीं, जापान और शंघाई के बाजार राष्ट्रीय छुट्टी के चलते बंद हैं। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को मिले जुले बंद हुए थे। मुख्य सूचकांक डाओ जोन्स 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ और नैस्डैक 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ।

# मध्य पूर्व में तनाव से भारत में हो सकता है करीब 800 अरब डॉलर का निवेश; एनर्जी और डेटा सेंटर पर रहेगा फोकस : मॉर्गन स्टेनली

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिग्गज अमेरिकी निवेश फर्म मॉर्गन स्टेनली ने अपने ताजा नोट में कहा कि मध्य पूर्व में तनाव के कारण तेल और गैस की आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधा आने से भारत में निवेश बढ़ सकता है और वित्त वर्ष 30 तक इन्वेस्टमेंट-टू-जीडीपी रेश्यो बढ़कर 37.5 प्रतिशत हो सकता है, जो कि फिलहाल 36.7 प्रतिशत है।

नोट में बताया गया कि ऐसे होने पर भारत में अगले पांच वर्षों में भारत में करीब 800 अरब डॉलर का अतिरिक्त पूंजीगत निवेश देखने को मिल सकता है। इसमें 60 प्रतिशत से अधिक नया निवेश एनर्जी, डेटा सेंटर्स और डिफेंस पर केंद्रित होगा।

ग्लोबल फर्म का मानना है कि पूंजीगत व्यय में इस उछाल का भारतीय शेयर बाजार पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। मजबूत निवेश चक्र से जीडीपी में कॉरपोरेट मुनाफे की हिस्सेदारी बढ़ने की उम्मीद है, जिससे इस अवधि के दौरान आय में 15 प्रतिशत से अधिक की सीएजीआर वृद्धि को समर्थन मिलेगा।

मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि इस गति से बाजार वित्त वर्ष 2031 की आय के 10 गुना तक पहुंच सकता है।



इस निवेश में तेजी का कारण मध्य पूर्व संघर्ष से उजागर हुई कमजोरियां हैं, विशेष रूप से आयातित ऊर्जा और आवश्यक इनपुट पर भारत की भारी निर्भरता। नीति निर्माता आत्मनिर्भरता और जोखिम कम करने पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

ऊर्जा क्षेत्र में, जहां भारत अपनी लगभग 85 प्रतिशत कच्चे तेल और आधी प्राकृतिक गैस की जरूरतों का आयात करता है, सरकार बहुआयामी रणनीति अपना रही है। इसमें रणनीतिक भंडारों का विस्तार, घरेलू कोयला उत्पादन और गैसीकरण को बढ़ावा देना, बेहतर ग्रिड अवसंरचना के साथ नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाना और परमाणु परियोजनाओं को आगे बढ़ाना शामिल है। उर्वरकों के क्षेत्र में, डीएपी और एमओपी जैसे आयातित इनपुट पर निर्भरता कम करने के प्रयास जारी हैं, जिनसे ऐतिहासिक रूप से सब्सिडी के चलते सरकार की वित्तीय स्थिति पर दबाव पड़ता है। सरकार किसानों और राजकोशीय स्वास्थ्य दोनों की सुरक्षा के लिए घरेलू यूरिया उत्पादन बढ़ा रही है, आयात स्रोतों में विविधता ला रही है और पोषक तत्वों के अधिक कुशल उपयोग को बढ़ावा दे रही है।

रक्षा व्यय में भी संरचनात्मक बदलाव हो रहा है। भारत का लक्ष्य वित्त वर्ष 2031 तक रक्षा व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 2.5 प्रतिशत करना है, जिसमें स्वदेशीकरण और निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है। यह परिवर्तन हाल के खरीद रुझानों में पहले से ही दिखाई दे रहा है। इस बीच, डेटा सेंटर क्षेत्र एक प्रमुख विकास चालक के रूप में उभर रहा है। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के साथ-साथ भारत की डेटा स्थानीयकरण नीतियों के कारण वैश्विक कंपनियां अपने बुनियादी ढांचे के विस्तार में विविधता लाने के लिए प्रोत्साहित हो रही हैं।

## एक दिन में लगभग 47 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए : केंद्र

नई दिल्ली,(आरएनएस)। शनिवार को देशभर में लगभग 47 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए, जिससे यह संकेत मिलता है कि पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष और उसके बाद होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी के बावजूद गैस आपूर्ति में कोई कमी या व्यवधान नहीं है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, शनिवार को उद्योग के आधार पर ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग में 99 प्रतिशत की वृद्धि हुई और लगभग 47.4 लाख एलपीजी सिलेंडरों की बुकिंग के मुकाबले लगभग 47 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए।मंत्रालय ने यह भी कहा कि एलपीजी वितरकों में किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं मिली है।सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति के बीच ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री संचालन और भारतीय नागरिकों को सहायता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास और उपाय किए जा रहे हैं।पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सूचित किया कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में प्रवर्तन कार्रवाई जारी है।सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया कि कल तक देशभर में 1,900 से अधिक छापे मारे गए।इसमें यह भी बताया गया है कि इस वर्ष मार्च से अब तक लगभग 6.04 लाख पीएनजी कनेक्शनों को गैसीफाइड किया जा चुका है और अतिरिक्त 2.68 लाख कनेक्शनों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है, जिससे कुल कनेक्शनों की संख्या 8.72 लाख हो गई है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## मजदूरों के असंतोष

नोएडा में कारखाना मजदूर सड़क पर उतरे। वहां की घटनाओं ने उन हालात की ओर ध्यान खींचा, जिससे हाल में देश के विभिन्न हिस्सों में मजदूर आंदोलित हुए हैँ। मजदूरों के असंतोष पर सहानुभूति से ध्यान दिया जाना चाहिए।उत्तर प्रदेश के औद्योगिक शहर नोएडा में मजदूरों का उबलता असंतोष सोमवार को सड़कों पर छलक गया। हिंसा, आगजनी और पुलिस कार्रवाई ने वहां उन हालात की ओर ध्यान खींचा, जिस कारण हाल में देश के विभिन्न हिस्सों में मजदूर आंदोलित हुए हैँ। वैसे, तो इन आंदोलनों के स्थल देश भर में फैले हुए हैं, लेकिन खास चर्चा हरियाणा में हुई आंदोलनकारी गतिविधियों की हुई। आखिरकार उनका असर हुआ, और हरियाणा सरकार ने आठ अप्रैल को सभी श्रेणियों के कर्मियों की न्यूनतम मजदूरी में 35 प्रतिशत बढ़ोतरी का एलान किया। इस निर्णय का असर नोएडा में देखा गया।कुछ ही दूरी पर एक जैसे काम के लिए अलग-अलग मजदूरी की बात उन्हें चुभी और वे भी आंदोलन पर उतर आए। वैसे भी एक विश्लेषण के मुताबिक 2016 से अब तक दिल्ली और हरियाणा की तुलना में उत्तर प्रदेश न्यूनतम मजदूरी काफी कम बढ़ी है। दिल्ली में ये वृद्धि लगभग 90 फीसदी और हरियाणा में 89 प्रतिशत रही, जबकि उत्तर प्रदेश में इसमें महज 42.6 फीसदी का इजाफा हुआ है। यानी गुजरे एक दशक में हुई मुद्रास्फीति के अनुपात में यूपी में मजदूरी नहीं बढ़ी है। ऐसे में मजदूरों के असंतोष को समझा जा सकता है। इस बीच श्रम कानूनों की जगह श्रम संहिताएं लागू होने और आठ घंटे काम की सीमा हटाए जाने की वजह से मजदूर पहले मिली वैधानिक सुरक्षाओं से वंचित हो गए हैं।उनकी पीड़ा को एक मजदूर की एक टीवी चैनल पर कही गई इस बात से समझा जा सकता है कि रोजाना 12 घंटे काम करने के बाद उन्हें महीने में 13 हजार रुपये मिलते हैं! अब उत्तर प्रदेश सरकार ने कारखाना मालिकों और मजदूरों के बीच संवाद कायम करने के लिए एक समिति बनाई है। मगर साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन विरोध प्रदर्शनों के पीछे नक्सलवाद को पुनर्जीवित करने की साजिश का शक भी जता दिया है। ऐसे में यह नहीं लगता कि मजदूर सरकार से किसी हमदर्दी की आशा कर सकते हैं। मगर ऐसे नजरियों से उस वक्त औद्योगिक शांति कायम करना कठिन होगा, जब श्रमिक वर्ग पर बढ़ते आर्थिक संकट की गहरी मार पड़ी है।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम क्या देश की राजनीत तय करेंगे

**अजय दीक्षित**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के जो भी परिणाम आएंगे वे देश के 2029 लोकसभा चुनाव की दिशा ब दशा तय करेंगे। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम चार मई को आयेंगे। इन चुनावों में मुख्य मुकाबला ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तुड़मूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच है हालांकि लेफ्ट और कांग्रेस भी मैदान में है। ममता बनर्जी की तुड़मूल कांग्रेस 2011से सत्ता में है जबकि भारतीय जनता पार्टी 2021 के विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी वोट लाकर 294 सदस्यीय विधानसभा में 77 सीट जीती थी। लेकिन ममता बनर्जी की तुड़मूल कांग्रेस ने 48 फीसदी वोट ले कर 213 सीट जीती थी।



भारतीय जनता पार्टी का सपना रहा है कि वह अंग,बंग, और कलिंग में सरकार बनाए। उसके अंग (बिहार) कलिंग (ओडिशा) में सरकार बन गई है और अब बंग (बंगाल) की बारी है । जनसंघ यानि आज की भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंगाल के ही थे। स्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई कहते थे कि बंगाल जितने का सपना एक दिन पूरा होगा । लालकृष्ण आडवाणी, सुंदर सिंह भंडारी, दीन दयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेई , कृष्णलाल शर्मा ने एक सेमिनार में कहा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चाहता है कि पश्चिमी बंगाल में सरकार बनाए। भारतीय जनता पार्टी का सपना है कि वह पैन इंडिया पार्टी बने जिसका समूचे देश में सत्ता हो । ऐसा लगता है कि भाजपा ने,80 फीसदी लक्ष पूरा कर लिया है।आज उसकी संपूर्ण हिंदी भाषा के राज्यों , पूर्वोत्तर राज्यों, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा,में सरकार है।जबकि दक्षिण भारत में कर्नाटक में सरकार रह चुकी है।केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, राज्य शेष है। तेलंगाना में विरोधी दल है।अगर भारतीय जनता पार्टी बंगाल विधानसभा चुनाव में बहुमत लाती है तो वह 2029 के लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर आसानी बहुमत प्राप्त कर लेगी । क्योंकि अभी 240 जीत गई थी क्योंकि महाराष्ट्र,उत्तर, प्रदेश,बंगाल लगभग 100 सीट बढ़ा लेगी जो अकड़ा 340 सीट का होगा इसमें जेडीयू,शिवसेना, एनसीपी,का योग अलग होगा ।,

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तराखंड, असम, त्रिपुरा, नागालैंड, मणिपुर, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश,में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।दूसरा सवाल यह है कि अगर तुड़मूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीतती है तो ममता बनर्जी राष्ट्रीय क्षितिज पर भारतीय राजनीत में 2029 लोकसभा चुनाव में विपक्ष को एक जुट कर अपने नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को चुनौती पेश कर सकती है।इस घटना क्रम के बाद समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, लेफ्ट पार्टियों, बीजेडी, डीएमके, नेशनल कॉन्फ्रेंस,आप, ममता बनर्जी को नेता घोषित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को चुनौती पेश कर सकती है।यद्यपि कांग्रेस भी चाहेगी ये सभी पार्टियां उनके झंडे तले चुनाव लड़े और चुनाव तक ममता बनर्जी को भी इस इंडी गठबंधन में लिया जाय लेकिन कांग्रेस प्रधानमंत्री पद से कम पर तैयार नहीं होगी। पाश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी ने ममता बनर्जी को कई मुद्दों पर घेरा है।यहां तक कि राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को गुंडों की संज्ञा दी जो जनता से अवैध उगाही,कट मनी मांगते हैं। ममता बनर्जी पर उन्होंने मुस्लिम ध्रुवीकरण का आरोप भी लगाया।

विपक्ष की एकता का रास्ता उत्तर प्रदेश, बिहार,से निकलेगा क्योंकि सपा नेता अखिलेश यादव, राजेडी के तेजस्वी यादव बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर उत्सुक हैं और ममता बनर्जी का साथ दे रहे हैं। बीजेडी के नेता नवीन पटनायक, दक्षिण में एम के स्टालिन,भी ममता बनर्जी के साथ है। इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में सपा, कांग्रेस साथ मिलकर चुनाव मैदान में आ सकते हैं। दूसरी ओर बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी ने तो उत्तर प्रदेश की तैयारी भी शुरू करदी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनारस से बिगुल फूंकना चाहते हैं और हरदोई में594 किलो मीटर सिक्स लेन गंगा एक्सप्रेस वे का लोकार्पण भी दो दिन पहले किया है। कहने का मतलब उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव मोड में आ गई है। मप्र, राजस्थान, दिल्ली,के कार्यकर्ताओं को समानांतर जिम्मेदारी दी जाएगी।राष्ट्रीय महासचिव बाल संतोष लखनऊ में है। लेकिन सपा भी तैयार है क्योंकि मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी में होना है।देश में उत्तर प्रदेश में 80, जम्मू कश्मीर 06, हिमाचल प्रदेश 04, उत्तराखंड 05,दिल्ली 07, गुजरात 26, राजस्थान 25, मध्य प्रदेश 29, छत्तीसगढ़ 011, महाराष्ट्र 48, पश्चिम बंगाल 42 ओडिशा 21, झारखंड 11,बिहार 40, असम 14, तेलंगाना 17, आंध्र प्रदेश 23, तमिलनाडु 39,केरल 20, कर्नाटक 28, त्रिपुरा 2,गोवा 02, नागालैंड, मणिपुर, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल कुल 10 सीट है।

# शाति अशाति के बीच झूलती वैश्विक युद्ध की आशंका और परिणति

**संजीव ठाकुर**

अमेरिका ईरान इजरायल युद्ध के बीच शांति वार्ता युद्ध के तैयारी के लिए समय समय पैदा करने की युति से ज्यादा कुछ नहींद्य अमेरिका युद्ध विराम को सिर्फ इसलिए आगे बढ़ते जा रहे हैं कि उन्हें अपनी तैयारी के लिए और समय चाहिए वैसे ईरान भी पूरी तरह से कंगाली के दौर से गुजर रहा है अब उसे युद्ध बढ़ाने के लिए समय चाहिए इन परिस्थितियों में ऐसा नहीं लगता की तीनों में से कोई देश शांति चाहता हो सब अपनी अपनी महत्वाकांक्षा और विस्तार नीति पर अड़े हुए हैंद्य परिणाम स्वरुप पूरा विश्व वैश्विक युद्ध की आशंका और उसके होने वाले परिणामों से भयभीत दिखाई दे रहा है।

वैश्विक परिदृश्य एक ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहाँ कूटनीति की भाषा कमजोर और शक्ति-प्रदर्शन की भाषा प्रबल होती जा रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव विशेष रूप से अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच, विश्व को एक संभावित महायुद्ध यहाँ तक कि परमाणु युद्ध की आशंका की ओर धकेल रहा है। इस संपूर्ण घटनाक्रम में डोनाल्ड ट्रंप की नीतियाँ और उनके निर्णय भी चर्चा के केंद्र में हैं, जिन्हें लेकर विश्व स्तर पर विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। उनके द्वारा लिए जा रहे निर्णय पर अमेरिका के नागरिक उनके संसद सदस्य और वैश्विक देश के नेताओं द्वारा भी अविश्वास प्रकट किया जा रहा है उनकी मानसिक स्थिति पर भी अब सवालिया निशान लगने लगे हैं।

ऐतिहासिक तौर पर देखा जाए तो शांति वार्ताओं का उद्देश्य सदैव संघर्ष को समाप्त कर स्थिरता स्थापित करना होता है, किंतु हालिया प्रयासों में यह उद्देश्य बिखरता हुआ प्रतीत हो रहा है। जब मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान जैसे कमजोर,आतंकवादी और अपरिपक्व मानसिकता वाले देश को आगे किया गया, तब ही कई कूटनीतिक विश्लेषकों ने इसकी निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया था। किसी भी शांति प्रक्रिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मध्यस्थ देश निष्पक्ष, विश्वसनीय और सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य हो। यदि मध्यस्थ ही अपने रणनीतिक हितों में उलझा हो, तो वार्ता का मार्ग स्वत: ही संदिग्ध हो जाता है।

अमेरिका और इज़रायल का दृष्टिकोण ईरान की परमाणु क्षमताओं को सीमित करने पर केंद्रित रहा है, जबकि ईरान अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के अधिकारों का सदैव पक्षकार रहा है। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांति और ऊर्जा के उद्देश्य से है, परंतु पश्चिमी देशों को इसमें संभावित सैन्य उपयोग की आशंका दिखाई देती है। यही अविश्वास शांति वार्ता को बार-बार विफल करता रहा है।

अमेरिका द्वारा ईरान के प्रस्तावों को अस्वीकार करना इस बात का संकेत है कि दोनों पक्षों के बीच संवाद की खाई गहरी होती जा रही है। इज़रायल, जो पहले से ही ईरान को कई वर्षों से अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है, और उसके लिए यह लड़ाई अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भी है और वह किसी भी प्रकार के समझौते को लेकर अत्यंत सावधान और अतिरिक्त सतर्क है। ऐसे में जब तीनों शक्तियाँ अपने-अपने हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक अड़े हुए और अडिग हों, तो शांति का मार्ग और भी ना मुमकिन सा होता दिखाई देता है।

यदि यह तनाव आगे बढ़कर जैसा की युद्ध विश्लेषक आशंका जाता रहे हैं परमाणु संघर्ष में परिवर्तित होता है, तो इसके परिणाम न केवल अत्यंत भयानक तथा विनाशक होने की संभावना होगी बल्कि युद्ध क्षेत्र भी सीमित नहीं रहेंगे, पूरी दुनिया इसकी जद और बड़े प्रभाव में आ जाएगी। सबसे पहले असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। तेल उत्पादक क्षेत्र होने के कारण पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा, जिससे महंगाई वैश्विक स्तर पर बेकाबू हो जाएगी। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है, जहाँ पहले से ही आम जनता महंगाई के दबाव से जूझ रही है।

महंगाई का सीधा असर आम जीवन पर पड़ता है।खाद्य पदार्थ, ईंधन, परिवहन, दवाइयाँ सभी की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। इससे निम्न और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होगा ह। रोजगार के अवसर कम हो जाते हैं, और आर्थिक असमानता बढ़ जाती है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी परमाणु युद्ध के दुष्परिणाम अत्यंत भयावह होंगे। परमाणु विस्फोट से निकलने वाला विकिरण न केवल तत्काल जनहानि करता है, बल्कि पीढ़ियों तक चलने वाली बीमारियों को जन्म देता है। कैंसर, जन्मजात विकृतियाँ, मानसिक रोग ये सब ऐसे प्रभाव हैं जो दशकों तक मानवता को झेलने पड़ते हैं। पर्यावरण पर इसका असर भी विनाशकारी होता है,जल, वायु और मिट्टी सभी प्रदूषित हो जाते हैं, जिससे कृषि उत्पादन ठप हो सकता है और खाद्य संकट उत्पन्न हो सकता है।

## (चिंतन-मनन) अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है।

कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है।

प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊर्ध्व र लगे, ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।




मेष राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज किसी प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो सफलता दिलाने में मददगार साबित होगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अधिकारियों का दिल जीतने में कामयाब भी होंगे। महिलाए अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती है। दोनों के बीच रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए योग की रूटीन अपनाएं, फायदा मिलेगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है। समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज के दिन आप अपनी उर्जा को सही काम में लगाएं।

कर्क राशि- आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको कुछ नई जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली आर्थिक परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।आज आप मित्रों के साथ कोई निवेश संबंधी योजना बनाएंगे, जिसमें आपको बहुत ही सोच विचार कर आगे बढ़ना होगा। आज आपको यदि महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़े,तो बहुत ही सोच विचार कर लें, मुमकिन है कि आपके अतीत से जुड़ा शख्स आज आपसे संपर्क करेगा और इस दिन को यादगार बना देगा।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना बन रही है, दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी।

धनु राशि- आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकता है। इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीतिक से जुड़े लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्त्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज आपको बडों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको ख़ुशी होगी।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए शुभफलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को नई गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को किसी टॉपिक को समझने में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आपके सफल होने के योग है। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी।

मीन राशि- आज आपका दिन आपके परिवार में खुशियाँ लाने वाला रहेगा। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए अच्छे मौके मिलेंगे। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन खास रहने वाला है।

# खाद्य सुरक्षा से खाद्यान्नों के मामले में नेतृत्व की ओरः खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में पीएलआई योजना का परिवर्तनकारी प्रभाव

**श्रीअविनाश जोशी**

खाद्यान्नों से जुड़ी भारत की कहानी में एक निर्णायक मोड़

भारत आज अपने आर्थिक सफर के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। अब जबकि हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की दिशा में अग्रसर है, विकास को सिर्फ उत्पादन की मात्रा से ही नहीं, बल्कि हमारे द्वारा सृजित मूल्य के आधार पर भी मापना होगा।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की तुलना में बहुत कम क्षेत्र ही ऐसे हैं, जहां इस प्रकार का बदलाव बिल्कुल साफ नजर आता है।

भारत खाद्यान्नों, फलों, सब्जियों, दूध और समुद्री उत्पादों के सबसे बड़े उत्पादक देशों में से एक है। दशकों तक, हमारे कृषि संबंधी सामर्थ्य ने देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। फिर भी, इस उपज का एक बड़ा हिस्सा पारंपरिक रूप से बेहद ही सीमित मूल्यवर्धन के साथ सीधे खेत से बाजार तक पहुंचता रहा।

आज भारत के कृषि उत्पादन का महज 12-13 प्रतिशत हिस्सा ही प्रसंस्करण से गुजरता है। उत्पादन और प्रसंस्करण के बीच का यही अंतर भारतीय अर्थव्यवस्था में उपलब्ध सबसे बड़े अवसरों में से एक है।

इसलिए, खाद्यान्नों से जुड़ी भारत की यात्रा का अगला चरण बिल्कुल स्पष्ट है: कृषि की प्रचुर संपदा को उच्च मूल्य वाले एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी खाद्य उत्पादों में परिवर्तित करना।

पीएलआई योजना के पीछे की परिकल्पना

इस अवसर को पहचानते हुए, भारत सरकार ने मार्च 2021 में कुल 10,900 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन पर आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) की शुरुआत की।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) द्वारा इस योजना को 2021-22 से 2026-27 तक की छह साल की अवधि के लिए लागू किया जा रहा है।

इस योजना के पीछे का मूल विचार सरल लेकिन ठोस है: खाद्य प्रसंस्करण क्षमता, नवाचार और वैश्विक ब्रांडिंग के विस्तार में निवेश करने वाली कंपनियों को पुरस्कृत करना। कुल मिलाकर, यह योजना इन-स्टोर ब्रांडिंग, अंतरराष्ट्रीय खुदरा श्रृंखलाओं में शेल्फ स्पेस और वैश्विक विपणन अभियानों में निवेश करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करके भारत में खाद्य उत्पादन से जुड़ी वैश्विक स्तर की कई चैंपियन कंपनियां तैयार करती है।

रणनीतिक डिजाइन: एक आधुनिक खाद्य इकोसिस्टम का निर्माण

पीएलआईएसएफपीआई योजना की संरचना को सावधानीपूर्वक को तीन प्रमुख स्तंभों पर आधारित रखा गया है।

1. उच्च क्षमता वाले खाद्य क्षेत्रों को प्रोत्साहन देना

पहला घटक पकाने के लिए तैयार (रेडी-टू-कुक) और खाने के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) खाद्य पदार्थ, प्रसंस्कृत फल और सब्जियां, समुद्री उत्पाद जैसी प्रमुख खाद्य श्रेणियों में उत्पादन बढ़ाने पर केन्द्रित है।

ये श्रेणियां वैसे क्षेत्र हैं जिनमें भारत घरेलू खपत और निर्यात क्षमता, दोनों में तेजी से विस्तार कर सकता है।

1. नवाचार और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भागीदारी को प्रोत्साहन देना

दूसरा घटक एमएसएमई द्वारा विकसित नवोन्मेषी और जैविक खाद्य उत्पादों को समर्थन प्रदान करता है। लघु एवं मध्यम उद्यम भारत के खाद्य क्षेत्र की रीढ़ हैं और समावेशी विकास हेतु आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ उनका जुड़ाव बेहद जरूरी है।

पोषक अनाज (मिलेट) से संबंधित नवाचार: परंपरा को आधुनिक बाजारों से जोड़ना

वर्ष 2023 में, अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज (मिलेट्स) वर्ष के उपलक्ष्य में, मंत्रालय ने पीएलआई योजना के तहत एक विशेष पहल की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य पकाने के लिए तैयार (रेडी-टू-कुक) और खाने के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) उत्पादों में मिलेट्स के उपयोग को प्रोत्साहित करना था।

मिलेट्स जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रतिरोधी, अत्यधिक पौष्टिक और भारत की कृषि परंपराओं में गहराई से जुड़े हुए हैं।

आधुनिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में मिलेट्स का समावेश करके, यह योजना पोषण संबंधी सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रतिरोधी कृषि को एक साथ बढ़ावा देती है।

बदलाव से जुड़े आंकड़े

पीएलआई योजना के तहत बहुत ही कम समय में हासिल की गई प्रगति उद्योग जगत की ओर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया और इस नीति की प्रभावशीलता को दर्शाती है।

अब तक:

इस योजना के तहत 165 कंपनियों को मंजूरी दी गई है। इनमें से 68 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) हैं, साथ ही बड़ी कंपनियों के 40 संविदा निर्माता भी शामिल हैं। कुल मिलाकर 9,207 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है।

प्रति वर्ष लगभग 35 लाख मीट्रिक टन की नई प्रसंस्करण और संरक्षण संबंधी क्षमता सृजित की गई है। इस योजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 3.29 लाख रोजगार सृजित हुए हैं।

ध्यान रखने लायक बात यह है कि इस योजना का मूल लक्ष्य 25 लाख रोजगार सृजित करना था। इस क्षेत्र ने पहले ही इस लक्ष्य का 131 प्रतिशत हिस्सा हासिल कर लिया है।



# ईडी ने इस साल की रिकार्ड छापेमारी, 81 हजार करोड़ की संपत्ति कुर्क कर बनाया नया रिकॉर्ड



नई दिल्ली, (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में अपनी कार्रवाई से एक नया और ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम किया है। धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के मामलों में भले ही केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा की गई गिरफ्तारियों में लगभग 27 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, लेकिन कुर्क की गई संपत्तियों का आंकड़ा आसमान छू गया है। ईडी ने इस अवधि में 81,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्तियां कुर्क कर अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। इसके साथ ही, धोखाधड़ी के शिकार हुए आम लोगों को भी एजेंसी ने हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति वापस दिलाकर बड़ी राहत दी है। धन शोधन निवारण अधिनियम के कड़े प्रावधानों के तहत ईडी ने देश भर में भ्रष्टाचारियों पर अपनी नकेल और कस दी है। 31 मार्च को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में एजेंसी द्वारा मारे गए छापों की संख्या लगभग दोगुनी होकर 2,892 तक पहुंच गई है, जो इससे पिछले साल 1,491 थी। छापों के साथ-साथ मुकदमों में भी काफी तेजी आई है। पिछले वित्त वर्ष में जांच शुरू करने के लिए दर्ज की गई ईसीआईआर की संख्या 39 फीसद बढ़कर 1,080 हो गई। इन ताबड़तोड़ कार्रवाइयों का ही नतीजा है कि ईडी ने इस दौरान रिकॉर्ड 812 आरोप पत्र (चार्जशीट) अदालतों में दाखिल किए, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा महज 457 था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2025-26 में ईडी ने कुल 156 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि इससे पिछले साल (2024-25) यह संख्या 214 और 2023-24 में 272 थी। गिरफ्तारियों में इस 27 फीसद की गिरावट की मुख्य वजह एजेंसी का अपनी जांच रणनीति में बदलाव करना है। अब ईडी अधिक 'लक्षित' (टार्गेटेड) और ठोस साक्ष्य-आधारित जांच पर जोर दे रही है। आपको बता दें कि पीएमएलए के तहत जमानत मिलना बेहद मुश्किल होता है, क्योंकि अदालत को यह संतुष्ट करना होता है कि आरोपी दोषी नहीं है और बाहर रहकर वह कोई अपराध नहीं करेगा।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण मुंबई स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में, असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों 2026 की मतगणना के दौरान पार्टी की बढ़त का जश्न मनाते हुए झालमुड़ी का आनंद ले रहे हैं।

## तेजस्वी यादव ने भागलपुर में विक्रमशिला सेतु पुल पर एक शिलाखंड गिरने की घटना के बाद एनडीए सरकार की आलोचना की



पटना (ए.)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को भागलपुर में विक्रमशिला सेतु पुल पर एक शिलाखंड गिरने की घटना के बाद एनडीए सरकार की आलोचना की। एक बयान में, राष्ट्रीय जनता दल के नेता ने इस घटना के लिए भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि पुल को पहले ही असुरक्षित घोषित कर दिया गया था। उन्होंने आगे कहा कि सौभाग्यवश पुल गिरने से किसी की जान नहीं गई। तेजस्वी यादव ने कहा कि और अब, भ्रष्ट एनडीए सरकार की कृपा से, भागलपुर का विक्रमशिला पुल गंगा नदी में समाधि ले चुका है। भ्रष्टाचार का इससे बड़ा प्रत्यक्ष प्रमाण और क्या चाहिए? पिछले महीने हमने सरकार को चेतावनी दी थी कि यह पुल गिर सकता है, लेकिन हमेशा की तरह सरकार ने अपने भ्रष्ट तंत्र का बचाव करते हुए पल्ला झाड़ लिया। जब पुल गिरा, उस समय उस पर कई वाहन थे, लेकिन ईश्वर की कृपा से वे गिरते हुए मलबे पर नहीं थे, इसलिए कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। पिछले दो वर्षों में बिहार में 100 से अधिक पुल और पुलिया गिर चुके हैं - यही कारण है कि भ्रष्टाचार के मामले में बिहार शीर्ष पर है। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक चंद्रशेखर सिंह ने पुल के एक हिस्से के गिरने की पुष्टि की, लेकिन आश्वासन दिया कि कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि भागलपुर में एक हादसा हुआ है। विक्रमशिला-सेतु पुल का एक हिस्सा गिर गया है। भागलपुर की यातायात पुलिस सबसे पहले मौके पर पहुंची, यातायात पूरी तरह रोक दिया और पुल को साफ किया। कुछ समय बाद, वह हिस्सा पूरी तरह से गिरकर नदी में जा गिरा। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सिंह ने आगे बताया कि पुल का रखरखाव राष्ट्रीय राजमार्ग प्रभाग (आरसीडी) के अंतर्गत आता है और जिम्मेदार प्रशासक को निलंबित कर दिया गया है।

## रेलगाड़ियों में भीख माँगने वाली 12 महिलाएँ गिरफ्तार, रेलवे सुरक्षा बल ने चलाया विशेष अभियान



कोटा (निप्र)। यात्रियों को परेशानी से मुक्त एवं सुरक्षित यात्रा वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कोटा मंडल के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा भरतपुर क्षेत्र में सवारी गाड़ियों में भिक्षावृत्ति करने वाली महिलाओं के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 12 महिलाओं को गिरफ्तार कर भरतपुर पोस्ट लाया गया तथा रेल अधिनियम के तहत उनके विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यह अभियान सहायक सुरक्षा आयुक्त द्वितीय के निर्देशन में निरीक्षक प्रदीप कुमार तिवारी के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान दल में सहायक उप निरीक्षक शीतल सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक दिनेश सिंह डागर, प्रधान आरक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक योगेश कुमार तथा महिला आरक्षक उगन्ती मीणा सम्मिलित थीं। टीम द्वारा सवारी गाड़ियों में भ्रमण कर भिक्षावृत्ति में संलिप्त महिलाओं को चिह्नित किया गया एवं 12 महिलाओं को गिरफ्तार कर भरतपुर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर लाया गया। सभी के विरुद्ध रेल अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

## भाजपा-एनडीए की विधानसभा चुनाव में मिली सफलता के चलते सीएम रेखा गुप्ता ने सचिवालय में बांटी झालमुड़ी और रसगुल्ला



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के मंत्रियों ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में रसगुल्ला और झालमुरी बांटकर चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा-एनडीए की विधानसभा चुनाव में मिली सफलता का जश्न मनाया। दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक वीडियो में मुख्यमंत्री गुप्ता और मंत्रियों को सचिवालय परिसर में पारंपरिक मिठाइयों और नाश्ते का आनंद लेते हुए दिखाया गया है। पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और असम में भाजपा-एनडीए के मजबूत प्रदर्शन का संकेत देने वाले सकारात्मक मतगणना रुझानों के बाद जश्न मनाया गया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पश्चिम बंगाल के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार भी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में पार्टी की आरामदायक बहुमत की जीत का जश्न मनाने में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। एएनआई से बात करते हुए मजूमदार ने कहा कि मतदान रुझान राज्य में भाजपा सरकार के गठन का संकेत दे रहे हैं। पश्चिम बंगाल में 'राम राज्य' आ गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोलकाता स्थित पार्टी कार्यालय में झालमुरी बांटी और जश्न मनाया। एक कार्यकर्ता ने टिप्पणी की कि प्रधानमंत्री हमेशा आम आदमी के बीच जाते हैं। उन्होंने 'झालमुरी' खाई, और दीदी को 'झाल' (मसालेदार) लगी। उन्होंने 'झालमुरी वाले' को भी अपमानित किया और कहा कि वहां एसपीजी कर्मी को बैठाया गया था। राज्य की आम जनता ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया है। पश्चिम बंगाल और असम में पार्टी के शुरुआती दमदार प्रदर्शन को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय का दौरा करने वाले हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 91.66 प्रतिशत मतदान के साथ स्वतंत्रता के बाद से अब तक का सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया। पहले चरण में 93.19 प्रतिशत मतदान हुआ था, जिससे कुल मतदान 92.47 प्रतिशत रहा।

### कांग्रेस को बड़ा झटका, प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई हारे, भाजपा को प्रचंड बहुमत

जोरहाट (ए)। असम विधानसभा चुनाव के रुझानों में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। जोरहाट सीट से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई को हार मिली है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में स्पष्ट बहुमत हासिल कर सत्ता बरकरार रखी है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा-नीत एनडीए गठबंधन ने 99 सीटों पर बढ़त बनाकर बहुमत का आंकड़ा पार किया है, वहीं कांग्रेस केवल 25 सीटों पर आगे चल रही है।वहीं जोरहाट सीट पर भाजपा के हितेंद्र नाथ गोस्वामी ने कांग्रेस नेता गोगोई को शिकस्त दी। गोस्वामी ने 69,439 मत मिले, जबकि गोगोई को 23,182 से अधिक मतों के अंतर से हार मिली। राज्य भर में भाजपा की मजबूत पकड़ दिख रही है और एनडीए गठबंधन ने 50 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर हासिल किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए 126 सीटों के रुझानों के अनुसार, भाजपा 79 सीटों पर आगे है, उसके गठबंधन सहयोगी असम गण परिषद (एजीपी) आठ सीटों पर और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) एक सीट पर जीत दर्ज कर चुका है और आठ पर आगे है।

## हज यात्रियों पर अतिरिक्त लागत का बोझ डालने पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर उठाये सवाल



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने सोमवार को सत्तारूढ़ भाजपा से हज यात्रियों पर अतिरिक्त लागत का बोझ डालने के औचित्य पर सवाल उठाया। हुसैन ने कहा कि यह चौंकाने वाला है क्योंकि सरकार लगातार यह कहती रही है कि पश्चिम एशिया में हुए घटनाक्रमों से भारत की ऊर्जा स्थिरता प्रभावित नहीं हुई है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारत सरकार लगातार यह कहती रही है कि पश्चिम एशिया में हुए घटनाक्रमों से भारत की ऊर्जा स्थिरता प्रभावित नहीं हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने भी कहा है कि वैश्विक तेल संकट का बोझ सरकार ने उठाया है, न कि नागरिकों पर। इस संदर्भ में कई वर्षों की योजना और बचत के बाद इस पवित्र कर्तव्य को पूरा करने के लिए तीर्थयात्रियों पर यह बोझ किस आधार पर डाला जा रहा है, खासकर अंतिम चरण में अचानक 10,000 रुपये का अतिरिक्त शुल्क लगाकर? पर्याप्त नियमन और सुरक्षा उपायों के बिना अत्यधिक मूल्य वृद्धि के बीच, भाजपा शासन के तहत आम परिवारों के लिए यह यात्रा अधिक महंगी और अनिश्चित क्यों हो गई है? इस बीच, केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को हज हवाई किराए में हालिया वृद्धि पर सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के बाद केंद्र सरकार ने हस्तक्षेप करके एयरलाइंस द्वारा प्रस्तावित वृद्धि को काफी कम कर दिया। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि ईरान और अमेरिका-इजराइल गठबंधन के बीच चल रहे संघर्ष के कारण विमानन कंपनियों की परिचालन लागत में भारी वृद्धि हुई है, जिन्होंने शुरू में कीमतों में काफी अधिक संशोधन की मांग की थी। कुछ लोगों ने पत्र लिखकर यह सवाल उठाया कि हज का किराया 100 डॉलर क्यों बढ़ा दिया गया है? सभी जानते हैं कि ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच युद्ध के बाद, एयरलाइंस ने 400 डॉलर की बढ़ोतरी की मांग की थी। उन्होंने हज यात्रियों के हवाई किराए में भी 400 डॉलर की बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। हम नहीं चाहते कि आर्थिक तंगी के कारण गरीब तीर्थयात्री हज पर जाने से वंचित रह जाएं। इसलिए, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने एयरलाइन कंपनियों के साथ बातचीत की और किराया 400 डॉलर से घटाकर 100 डॉलर कर दिया। इस प्रकार, हज कमेटी ऑफ इंडिया के माध्यम से हज पर जाने वालों के लिए केवल 100 डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, और निजी ऑपरेटरों के लिए 150 डॉलर की बढ़ोतरी हुई है।

## दक्षिण भारत ने भाजपा के विषैले विचार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को नकारा - हर्षवर्धन सपकाल



*मुंबई, (ए.)। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने साम, दाम, दंड, भेद की नीति का उपयोग किया, लेकिन दक्षिण भारत की जनता ने भाजपा के विषैले, विभाजनकारी और देश तोड़ने वाले विचारों के साथ-साथ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को भी नकार दिया है, ऐसा महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा है। विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मोदी सरकार ने चुनाव आयोग की मदद से सभी मर्यादाओं, परंपराओं और नियमों को ताक पर रख दिया। एनआईए, सीआरपीएफ और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट अधिकारियों को पश्चिम बंगाल भेजकर दमन का इस्तेमाल किया गया। एक बार फिर भाजपा ने गैर-प्रकारों के जरिए पश्चिम बंगाल में जीत हासिल की है, लेकिन भाजपा की यह विषैली ताकत दक्षिण भारत में नहीं चली और मोदी का नेतृत्व भी वहां स्वीकार नहीं किया गया। केरल में कांग्रेस पार्टी की जीत लोकतंत्र और संविधान की जीत है। केरल की जनता ने कांग्रेस के विचार और राहुल गांधी के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त किया है। देश को कांग्रेस का विचार ही बचा सकता है और केरल की इस जीत से देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया उत्साह पैदा हुआ है। यही ऊर्जा आगामी समय में कांग्रेस को मजबूती देगी, ऐसा विश्वास हर्षवर्धन सपकाल ने व्यक्त किया है।*

## अशोक गहलोत ने बंगाल चुनाव नतीजों को बताया लोकतंत्र के खिलाफ अपराध, कार्यकर्ताओं से की एकजुट होने की अपील



जयपुर (ए.)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता अशोक गहलोत ने सोमवार को देश के मौजूदा राजनीतिक हालात और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। गहलोत ने जहाँ बंगाल के परिणामों को निराशाजनक और सत्ता का दुरुपयोग बताया, वहीं केरल में यूडीएफ की जीत को धर्मनिरपेक्षता की जीत करार दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गहलोत ने कहा कि देश एक निर्णायक मोड़ पर है जहाँ लोकतंत्र को बचाने की जिम्मेदारी कांग्रेस के कंधों पर है। गहलोत ने कहा, ''हम सब लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। देश को कांग्रेस की जरूरत है और केवल कांग्रेस ही लोकतंत्र की रक्षा कर सकती है।'' उन्होंने कार्यकर्ताओं से दृढ़ संकल्प के साथ काम करने का आह्वान किया। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पूरा देश निराश है। गहलोत ने कहा, ''राहुल गांधी जी ने सही कहा है कि टीएमसी सरकार के खिलाफ आरोप और उसकी कमियों ने भाजपा को अवसर दिया। भाजपा ने अब सत्ता पर कब्जा कर लिया है।'' उन्होंने चुनावों में अनियमितताओं का आरोप लगाया। गहलोत ने कहा, ''पश्चिम बंगाल में जो हुआ वह अभूतपूर्व और निंदनीय है। सड़कों पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के बख्तरबंद वाहन तैनात किए गए, मतदाताओं को डराया गया, खुलेआम पैसे बांटे गए और लाखों वास्तविक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। उन्होंने कहा, ''लाखों लोग अपने ही जन्मस्थान पर वोट नहीं डाल पाए। लोकतंत्र के खिलाफ इससे बड़ा अपराध और क्या हो सकता है?'' कांग्रेस नेता ने कहा कि यह परिणाम सत्ता के दुरुपयोग से हासिल की गई जीत है। उन्होंने केरल के मतदाताओं को यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की जीत पर बधाई दी और इसे धर्मनिरपेक्ष विचारधारा और जनकल्याणकारी नीतियों का जनादेश बताया। गहलोत ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में सुशासन प्रदान करेगी।

## कोटा मंडल ने जारी किए 1138 दिव्यांग रियायत कार्ड

### *दिव्यांगजन यात्रियों को 25% से 75% तक किराया छूट -आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन*



कोटा (निप्र)। भारतीय रेलवे दिव्यांगजन यात्रियों को सम्मानजनक, सुलभ एवं किफायती यात्रा सुविधा प्रदान करने के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान कुल 1138 दिव्यांग रियायत कार्ड जारी किए हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि भारतीय रेलवे द्वारा दृष्टिहीन, मानसिक रूप से अस्वस्थ, श्रवण एवं वाणी बाधित तथा शारीरिक रूप से दिव्यांग (ऑर्थोपेडिकली हैंडिकैप्ड) यात्रियों को 25% से 75% तक किराये में विशेष छूट प्रदान की जाती है। यह रियायत दिव्यांग रियायत कार्ड के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है, जो टिकट बुकिंग के समय काउंटर एवं ऑनलाइन — दोनों माध्यमों से उपयोग में लाया जा सकता है। यदि दिव्यांग यात्री के साथ कोई सहयोगी (एस्कॉर्ट) यात्रा करता है, तो उसे भी समान रियायत का लाभ प्राप्त होता है। सौरभ जैन ने आगे बताया कि वर्ष 2025 से भारतीय रेलवे ने रियायत प्रमाणपत्र के प्रारूप में बदलाव करते हुए दृष्टिहीन यात्रियों के लिए अलग प्रारूप (एनेक्सचर-1) तथा अन्य श्रेणियों के लिए अलग प्रारूप (एनेक्सचर-2) निर्धारित किया है। दृष्टिबाधिता का स्तर 90% या उससे अधिक होने पर भी यह रियायत उपलब्ध है। दिव्यांग रियायत कार्ड बनवाने के इच्छुक यात्री ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए जिला चिकित्सा अस्पताल द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाणपत्र, पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले सरकारी अस्पताल द्वारा जारी रेलवे रियायत प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र तथा पासपोर्ट आकार का फोटो आवश्यक है। ये दस्तावेज भारतीय रेलवे की वेबसाइट https://divyangjanid.indianrail.gov.in पर अपलोड करने होते हैं। सत्यापन के उपरांत कार्ड जारी कर दिया जाता है और आवेदक को एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाता है। अधिक जानकारी अथवा सहायता के लिए यात्री कोटा मंडल के दिव्यांग सेल प्रभारी जयराम मीणा से मोबाइल नंबर 9256104334 पर कार्य दिवसों में प्रातः 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे के मध्य संपर्क कर सकते हैं।



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में कैरियर कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और सीईओ डेविड एल. गिटलिन से मुलाकात की, ताकि उन्नत विनिर्माण और टिकाऊ कूलिंग समाधानों के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की जा सके।

## पश्चिम बंगाल के रुझान देख उमर अब्दुल्ला ने 2 शब्दों में क्या लिख दिया ऐसा, भाजपा बोली- मर्यादा का ध्यान रखें सीएम



श्रीनगर (ए.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे इस बार सबके लिए चौंकाने वाले हो सकते हैं. अगर चुनाव आयोग के आधिकारिक रुझानों की बात करें तो ममता बनर्जी की 15 साल की सत्ता जाती दिख रही है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है। इसको लेकर जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का रिएक्शन चर्चा का विषय बन गया है। सीएम उमर अब्दुल्ला बंगाल नतीजों के रुझान देखकर बेहद चौंक गए हैं। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केवल दो शब्दों में अपनी हैरानी बयां करते हुए लिखा- Bloody Hell ! इसके साथ उन्होंने ऐसे इमोजी का इस्तेमाल किया है, मानो रुझान देखकर उनकी आंखें फटी की फटी रह गई हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सत पॉल शर्मा ने उमर अब्दुल्ला के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए उनकी भाषा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री रह चुके नेता को अपनी बात रखते समय मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। सत पॉल शर्मा ने विशेष रूप से कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए ब्लडी हेल जैसे शब्दों पर आपत्ति जताते हुए इसे अनुचित बताया और कहा कि यह हताशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी हार के बावजूद इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं किया और सभी नेताओं को संयम बरतना चाहिए। चुनाव आयोग के रुझानों के अनुसार, पश्चिम बंगाल की 293 सीटों में से भाजपा 187 सीटों पर आगे चल रही थी, जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) केवल दो अंकों में ही जीत हासिल कर पाई और 92 सीटों पर ही आगे थी। भगवा पार्टी, जिसने 2021 के चुनाव में 77 सीटें जीती थीं, पूर्वी राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है, जहां 90 प्रतिशत से अधिक का रिकॉर्ड मतदान हुआ। टीएमसी से निष्कासित नेता हुमायूं कबीर द्वारा स्थापित आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) दो सीटों पर आगे थी, जबकि अखिल भारतीय धर्मनिरपेक्ष मोर्चा (एआईएसएफ) दो सीटों पर और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी), जिसने कभी राज्य पर शासन किया था, एक सीट पर आगे थी। तमिलनाडु में जहां 85 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ, विजय की टीवीके ने उम्मीदों को धता बताते हुए राज्य में शानदार शुरुआत की और 234 सीटों में से 110 सीटों पर आगे चल रही थी, जो बहुमत से केवल आठ सीटें कम है।

# गर्मियों में ब्लूबेरी से बने ये 5 पेय बुझाएंगे आपकी प्यास, देंगे भरपूर ताजगी



ब्लूबेरी एक ऐसी बेरी है, जो स्वाद में लाजवाब होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसमें विटामिन-सी, विटामिन-के, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। इस लेख में हम आपको ब्लूबेरी से बनाए जाने वाले कुछ पेय की रेसिपी बताएंगे, जो गर्मियों के लिए बेहतरीन हैं और इन्हें बनाना आसान है। इन पेय को बनाकर आप अपने परिवार और दोस्तों को खुश कर सकते हैं। ये आपको भरपूर ताजगी भी प्रदान करेंगे।

**ब्लूबेरी और पुदीने का ठंडा पेय**

ब्लूबेरी और पुदीने का ठंडा पेय एक ताजगी भरा विकल्प है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले कुछ ताजा ब्लूबेरी को पीस लें, फिर इसमें थोड़ी पुदीने की पत्तियां डालकर अच्छे से पीसें। अब इस मिश्रण को छानकर इसमें ठंडा पानी मिलाएं और स्वादानुसार चीनी डालें। अंत में इसमें बर्फ के टुकड़े डालकर परोसें। यह पेय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि पाचन के लिए भी फायदेमंद है। इसे पीने से आपको हाइड्रेटेड भी महसूस होगा।

**ब्लूबेरी और नारियल पानी का शेक**

ब्लूबेरी और नारियल पानी का शेक एक पौष्टिक पेय है, जिसे आप आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले कुछ ताजा ब्लूबेरी को पीस लें, फिर इसमें नारियल पानी डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक गिलास में डालकर ऊपर से थोड़ा घिसा हुआ नारियल डालें और बर्फ के टुकड़े डालें। यह शेक न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व आपके शरीर को ताजगी भरी ऊर्जा देंगे।

**ब्लूबेरी और दही की लस्सी**

ब्लूबेरी और दही की लस्सी एक पारंपरिक भारतीय पेय है, जिसे आप नए अंदाज में बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले दही को मथकर उसमें पिसी हुई चीनी मिलाएं। इसके बाद इसमें पिसी हुई ब्लूबेरी डालें और अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को लंबे गिलास में डालकर ऊपर से थोड़ा इलायची पाउडर छिड़कें और बर्फ के टुकड़े डालें। यह पेय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि पाचन के लिए भी फायदेमंद है।

**ब्लूबेरी और अदरक का ठंडा पेय**

ब्लूबेरी और अदरक का ठंडा पानी एक स्वास्थ्यवर्धक पेय है, जिसे आप आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले कुछ ताजा ब्लूबेरी को मसलकर पानी में डालें, फिर इसमें थोड़ी-सी कद्दूकस की हुई अदरक मिला दें। अब इस मिश्रण को कुछ देर के लिए ठंडा होने के लिए रख दें, ताकि इसका स्वाद अच्छे से मिल जाए। यह पेय आपके शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करेगा और आपको ताजगी भरी ऊर्जा देगा।

**ब्लूबेरी और संतरे का रस**

ब्लूबेरी और संतरे का रस एक ताजगी भरा पेय है, जिसे आप किसी भी समय पी सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले संतरे का रस निकाल लें और उसमें कुछ पिसी हुई ब्लूबेरी मिला दें। अब इस मिश्रण को अच्छे से मिलाएं, ताकि सारे तत्व अच्छे से मिल जाएं। अंत में इसमें बर्फ के टुकड़े डालें और ठंडा-ठंडा परोसें। यह रस न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि विटामिन-सी से भरपूर भी है।

# सब्जियों में कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल की पहचान करने में काम आएंगी ये टिप्स

अक्सर बाजार में सब्जियों को कृत्रिम रंग से चमकदार बनाया जाता है। इससे वे देखने में आकर्षक लगती हैं, लेकिन यह हमारी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए, यह जानना जरूरी है कि सब्जियां ताजी हैं या नहीं। आज हम आपको कुछ सरल तरीके बताने वाले हैं, जिनसे आप सब्जियों की ताजगी का पता लगा सकते हैं और जान सकते हैं कि उनमें कृत्रिम रंग इस्तेमाल हुए हैं या नहीं।

**सब्जियों की खुशबू और रंग से लगाएं पता**

जब आप सब्जियां खरीदें, तो उन्हें सूंघकर देखें। ताजा सब्जियों की महक अच्छी होती है, जबकि कृत्रिम रंगों से रंगी हुई सब्जियों में कोई खास खुशबू नहीं होती। इसके अलावा ताजा सब्जियां छूने पर नरम महसूस होती हैं, जबकि रंगी हुई सब्जियां सख्त होती हैं। आप उंगली से घिसकर भी देख सकते हैं कि कहीं सब्जी का रंग उतर तो नहीं रहा है। अगर ऐसा हो तो सब्जी का सेवन न करें।



**काटकर देखें**

सब्जियों को काटकर भी आप उनकी ताजगी की जांच कर सकते हैं। ताजा सब्जियों को काटने पर जो रस निकलता है वह हल्का होता है, जबकि रंगी हुई सब्जियों का रस गहरा होता है। अगर सब्जियों को काटने पर रस नहीं निकलता, तो वे कृत्रिम रंग वाली हो सकती हैं। साथ ही ऐसी सब्जियों को काटने पर वे अंदर से ताजा नहीं लगती हैं, जो एक सीधा संकेत है कि उन्हें रासायनिक प्रक्रिया से पकाया गया है।

**स्वाद से पहचानें**

सब्जियों का स्वाद चखकर भी उनकी ताजगी का अंदाजा लगाया जा सकता है। अगर स्वाद कड़वा या अजीब लगता है तो संभव है कि उसमें रंग का इस्तेमाल हुआ हो। ताजा सब्जियों का स्वाद अच्छा और प्राकृतिक होता है, जो किसी भी तरह से रासायनिक नहीं लगता है। साथ ही जब आप ऐसी सब्जियों को पकाते हैं तो भी उनका रंग आसानी से उतरने लगता है। पकाने के बाद उनकी बनावट भी बदल सकती है।

**सब्जियों को छीलने से भी चल जाएगा पता**

सब्जियों को छीलकर भी उनकी ताजगी देखी जा सकती है। अगर छिलके का रंग बदल जाता है, तो समझिए कि उसमें रंग का इस्तेमाल हुआ है। ताजा सब्जियों का छिलका अपने असली रंग में रहता है, चाहे आप उसे छीलने से पहले साफ भी कर लें। इन तरीकों से आप सब्जियों की ताजगी आसानी से पहचान सकते हैं और जान सकते हैं कि वे कृतिम रंगों से तो नहीं रंगी गई हैं।

# अनुपमा की किंजल बनने वाली थी तुलसी की बेटी परी, निधि शाह ने खुद किया ये बड़ा खुलासा



टीवी एक्ट्रेस निधि शाह लगातार सुर्खियां बटोरती हुई नजर आ रही हैं. अनुपमा में किंजल की भूमिका निभाकर घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाली निधि शाह ने हाल ही में एक मजेदार किस्सा शेयर किया है।

निधि शाह ने खुलासा किया कि उन्हें स्मृति ईरानी के शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में तुलसी की बेटी परी का रोल निभाने के लिए चुना गया था. निधि ने इस बारे में बात करते हुए कहा,मुझे तुलसी की बेटी का किरदार निभाना था।

लेकिन किसी वजह से बात नहीं बन पाई. इसलिए हमें अलग रास्ते को चुनना पड़ा. स्मृति जी सच में एक लीजेंड हैं. बचपन में यहां तक कि जब मैं बहुत छोटी थी, तब भी मैं अपने परिवार के साथ क्योंकि सास भी कभी बहू थी देखा करती थी और आज भी वो पल मुझे याद है.उनका टीवी पर वापसी करना काफी बड़ी और खास बात है. स्मृति ईरानी के कमबैक करने की खबर ने खूब सुर्खियां बटोरी. 2000 में इस शो का टेलीकास्ट हुआ था. इस शो के जरिए स्मृति ईरानी को घर-घर में पहचान मिली थी.तुलसी का कैरेक्टर इंडियन टेलीविजन के इतिहास के सबसे यादगार किरदारों में से एक माना जाता है.ऐसे में क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 से दर्शकों की उम्मीद बहुत ज्यादा है. मालूम हो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में निधि को जिस कैरेक्टर के लिए चुना गया था, वो शगुन शर्मा प्ले कर रही हैं. आपको बता दें अनुपमा में किंजल के रोल में निधि शाह को खूब पसंद किया जाता था. लेकिन, डेढ़ से दो साल पहले उन्होंने शो को अलविदा कह दिया. उनके शो छोड़ने के पीछे की वजह रुपाली गांगुली संग अनबन को बताया गया था।

# जुनैद खान की एक दिन का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल, दूसरे दिन कमाए सिर्फ इतने

आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म एक दिन शुक्रवार को रिलीज हुई. इस रोमांटिक ड्रामा में जुनैद खान को साई पल्लवी के अपोजिट रोल में देखा गया. साई पल्लवी ने इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू किया है. इस फिल्म को लेकर काफी चर्चा थी. आमिर खान ने खुद इस फिल्म का प्रमोशन किया. लेकिन फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है. फिल्म के रिव्यूज भी खराब थे. आइए जानते हैं दो दिनों में फिल्म ने कितना कलेक्शन कर लिया। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे दिन सिर्फ 1 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म को 1765 शोज मिले और 14.2 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू तीनों भाषा में रिलीज हुई है.दूसरे दिन हिंदी में फिल्म ने 90 लाख कमाए. वहीं तमिल में 2 लाख और तेलेगू में 8 लाख कमाए.फिल्म का टोटल कलेक्शन 2.15 करोड़ हो गया है. मालूम हो कि फिल्मके दूसरे दिन के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियली सामने नहीं आए हैं.फिल्म ने पहले दिन 1.15 करोड़ कमाए थे. फिल्म को 14.3 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली और फिल्म को 1961 शोज मिले थे. बता दें कि इस फिल्म के साथ रितेश देशमुख की राजा शिवाजी भी रिलीज हुई है और फिल्म को अच्छे रिव्यूज मिले हैं। फिल्म को सुनील पांडे ने डायरेक्ट किया है. इस फिल्म को आमिर खान ने प्रोड्यूस किया है. ये फिल्म 2016 में आई थाई फिल्म वन डे का रीमेक है. फिल्म में दिखाया गया कि एक आदमी अपनी कलीग के प्यार में पड़ता है लेकिन वो उससे अपनी फीलिंग बयां नहीं कर पाता है. वो उसके साथ रहना चाहता है सिर्फ एक दिन के लिए. और आखिर में उसकी वो विश भी पूरी होती है. एक दिन की भी कहानी ये ही है।

# एली अवराम ने लाल साड़ी पहन ढाया कहर, फ्लॉन्ट की पतली कमरिया



एक्ट्रेस एली अवराम एक बार फिर अपने लेटेस्ट लुक को लेकर चर्चा में हैं. हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो लाल साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. उनका ये अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है।

एली अवराम ने इंस्ट्राग्राम पर अपनी कई सारी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की है. लाल साड़ी में वो बला की हसीन दिख रही हैं. उनका ये लुक फैंस की खूब पसंद आ रहा है. उन्होंने लुक को और भी अट्रैक्टिव बनाने के लिए गोल्डन एक्सेसरीज कैरी की है. सटल मेकअप और खुले बालों में एक्ट्रेस काफी खूबसूरत दिख रही है. उनका ये सादगी भरा अंदाज फैंस का दिल जीत रहा है. एक्ट्रेस ने साड़ी में जमकर पोज दिए है. इस फोटो में वो अपनी पतली कमरिया फ्लॉन्ट करती नजर आई. उनकी ये तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गई है. फैंस इनपर खूब प्यार लुटा रहे हैं. एक यूजर ने कमेंट ने लिखा, चेहरा है या चांद खिला है. वहीं दूसरे ने लिखा, ऐसी खूबसूरती नहीं देखी।

# दृश्यम 3 का धांसू टीजर जारी, जॉर्जकुट्टी को सता रहा अतीत का डर, क्या सच में रखी जा रही उन पर चोरी-छुपे नजर?

दृश्यम 3 का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा टीजर आखिरकार रिलीज हो गया है. मेकर्स ने मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की दृश्यम फ्रैंचाइजी के तीसरे भाग का टीजर जारी किया है, जो काफी दमदार है. आइए एक नजर डालते हैं टीजर पर...

बुधवार को मेकर्स ने सोशल मीडिया पर मलयाली फिल्म दृश्यम 3 का टीजर नए पोस्टर के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड किया और कैप्शन में लिखा, दृश्यम 3 ऑफिशियल टीजर जारी. दुनिया भर में रिलीज, 21 मई 2026.



1 मिनट 50 सेकंड का यह टीजर मोहनलाल की आवाज के साथ शुरू होता है, जिसमें वह अपने परिवार के साथ एक सादा जीवन बिताने के बारे में बात करते हैं; तभी एक बिन बुलाया मेहमान परिवार में घुस आता है, जिसके पास उन्हें तबाह करने की ताकत है. जैसे-जैसे टीजर आगे बढ़ता है, जॉर्जकुट्टी अपनी जिंदगी की मुश्किलों के बारे में सोचता है और अपने परिवार को बचाने के लिए किए गए अपने कामों को मान लेता है.

जब हम उसका चेहरा देखते हैं, तो यह साफ जाहिर होता है कि वह डरे और चिंतित हैं. वह अपना गुनाह कबूल करते है, और अपने मन पर छाए अपराध-बोध के भारी बोझ को जाहिर करते हुए कहते है, जिस दिन मेरा जन्म हुआ, उसी दिन से मैं लड़ाइयां लड़ता आ रहा हूं. मेरे पास ऐसा कोई नहीं था जिसे मैं अपना कह सकूं. सालों की कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद, मैंने अपने लिए एक परिवार बनाया. जब एक ऐसा पल आया जो इस परिवार को तोड़ सकता था, तो मैंने बिना एक पल भी सोचे-समझे कदम उठा लिया.किसी के द्वारा देखे जाने के अंदरूनी डर के साथ, टीजर एक बड़े प्लान के सामने आने का इशारा करता है. इसमें जॉर्जकुट्टी के परिवार वालों की झलक भी दिखाई देती है, जिसमें उसकी पत्नी और बेटियां भी शामिल हैं.इस फिल्म में मोहनलाल के अलावा मीना, अंसीबा हसन, एस्थर अनिल, आशा शरथ, सिद्दीकी, मुरली गोपी, साईकुमार और के.बी. गणेश कुमार शामिल हैं. ये सभी पिछली फिल्मों से अपनी-अपनी भूमिकाएं दोहराते दिखेंगे. दृश्यम 3 21 मई को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो मोहनलाल के 66वें जन्मदिन के दिन ही है.

# 'पति पत्नी और वो दो' का नया गाना 'दिल वाले चोर' रिलीज, रोमांस और मस्ती का शानदार मेल



अभिनेता आयुष्मान खुराना कॉमेडी ड्रामा फिल्म पति पत्नी और वो दो के जरिए दर्शकों को अपने चुलबुले अंदाज से गुदगुदाने के लिए तैयार हैं। शनिवार को मेकर्स ने फिल्म का नया गाना दिलवाले चोर रिलीज कर दिया। टी-सीरीज ने गाने का क्लिप को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, इश्क दी डोरी और दिल दी चोरी दोनों एक साथ। गाना दिलवाले चोर रिलीज कर दिया गया है।

यह एक ऐसा गाना है, जो दिल को बहुत सुकून देता है। इस संगीत की लाइनें काफी कैची हैं, जो दर्शकों को दीवाना बना रही है। गाने का संगीत आधुनिक और क्लासिक मेलोडी का एक बेहतरीन मिश्रण है। गाने को आदित्य रिखारी और श्रेया घोषाल ने मिलकर गाया है, जबकि इसके लिरिक्स कुमार ने लिखे हैं और रोचक कोहली ने इसका संगीत तैयार किया है।

वहीं, गाने में आयुष्मान और सारा अली खान की केमिस्ट्री सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। गाने में दोनों इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं। गाने के बोल आधुनिक रोमांस को बखूबी दर्शाते हैं, जिसमें प्यार की शरारत और दिल को छू लेने वाली भावनाएं घुली हुई हैं। पीयूष-साजिया ने इस गाने को कोरियोग्राफ किया है। यह मेलोडी न केवल प्यार और चाहत की कहानी बुनती है, बल्कि इसमें एक चंचल चार्म भी है जो दर्शकों को खुद से जोड़े रखता है।

# *सूर्या और तृषा कृष्णन स्टारर फिल्म करुप्पु की रिलीज डेट से उठा पर्दा, 14 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक*

*करुप्पु की रिलीज़ डेट पक्की हो गई है। कॉलीवुड स्टार सूर्या अपनी वर्सेटाइल एक्टिंग और दमदार परफॉर्मेंस के लिए मशहूर हैं। हाल के दिनों में, उनकी पूरी कोशिशों के बावजूद, उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो पाईं। वह कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं और करुप्पु उन्हीं में से एक है।ताज़ा जानकारी के अनुसार, मेकर्स ने काफी इंतज़ार के बाद आखिरकार फिल्म की रिलीज़ डेट का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म 14 मई 2026 को रिलीज़ होगी। मेकर्स ने सूर्या के एक दमदार पोस्टर के साथ रिलीज़ डेट की पुष्टि की और साथ में यह संदेश भी दिया, जिस ऐलान का आप सभी को बेसब्री से इंतज़ार था, वह आ गया है: करुप्पु सिनेमाघरों में - 14 मई 2026 को।इस फिल्म में सूर्या एक वकील की भूमिका निभा रहे हैं, जो एक देवी की शक्ति पाने के बाद समाज में मौजूद बुरे तत्वों से लोहा लेता है। फिल्म में तृषा मुख्य अभिनेत्री की भूमिका में हैं, जबकि इंद्रन्स, नट्टी सुब्रमण्यम, स्वासिका, शिवदा, अनघा माया रवि, सुप्रीत रेड्डी और योगी बाबू जैसे कलाकार अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं।*

## मोहनलाल और ममूटी की पैट्रियट ने दुनियाभर में किया धमाका, दो दिन में 50 करोड़ का आंकड़ा किया पार

सुपरस्टार मोहनलाल और ममूटी की फिल्म पैट्रियट ने दुनियाभर में तहलका मचा दिया है. फिल्म ने दो दिन में ही 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. ओवरसीज मार्केट में फिल्म धमाका कर रही है. आइए जानते हैं फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बारे में.सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने वर्ल्डवाइड 50.23 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने 31.50 करोड़ कमा लिए हैं. फिल्म ने दूसरे दिन ओवरसीज मार्केट में 15 करोड़ की कमाई की.बता दें कि फिल्म ने इंडिया में टोटल ग्रॉस 18.73 करोड़ कमाए. वहीं नेट 16.15 करोड़ कमाए. फिल्म ने पहले दिन 10 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं दूसरे दिन फिल्म की कमाई में थोड़ी कमी देखने को मिली। फिल्म ने 6.15 करोड़ कमाए. फिल्म को पहले दिन 2636 शोज मिले. वहीं फिल्म को दूसरे दिन 2374 शोज मिले. अब रविवार को फिल्म की कमाई में इजाफा होने की उम्मीदें हैं।

## पंजाब की लगातार दूसरी हार, गुजरात ने रोमांचक मुकाबले में 4 विकेट से हराया

नईदिल्ली(ए.)। गुजरात टाइटंस ने एक तनावपूर्ण मुकाबले के आखिरी पलों में अपना संयम बनाए रखते हुए पंजाब किंग्स पर चार विकेट से जीत दर्ज की. रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2026 के एक रोमांचक मैच में, गुजरात टाइटंस ने 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, सिर्फ एक गेंद शेष रहते हुए जीत हासिल की.

लक्ष्य का पीछा करने का यह सफर पूरे मैच के दौरान उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन वॉशिंगटन सुंदर की 23 गेंदों पर खेली गई नाबाद 40 रनों की पारी ने मैच का फैसला नाटकीय अंदाज में गुजरात टाइटंस के पक्ष में कर दिया.

आखिरी ओवर में जब जीत के लिए 11 रनों की जरूरत थी, तब सुंदर ने अपना संयम बनाए रखा और मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग के ऊपर से एक सोची-समझी स्कूप शॉट खेलकर छक्का जड़ा. इस शॉट के साथ ही उन्होंने एक तनावपूर्ण, लेकिन पूरी तरह से नियंत्रित लक्ष्य-प्राप्ति के सफर को जीत के साथ समाप्त किया. गुजरात की पारी की शुरुआत काफी तेज गति से हुई, भले ही कप्तान शुभमन गिल अर्शदीप सिंह की गेंद पर जल्दी ही आउट हो गए थे. इसके बाद साई सुदर्शन ने 41 गेंदों पर संयमित 57 रनों की पारी खेलते हुए पारी को संभाला।

## आईपीएल में आज होगा सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला




नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली का लक्ष्य जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें बनाये रखना रहेगा। दिल्ली ने अब तक खेले गए नौ मैचों में से चार में जीत हासिल की है जबकि उसे पांच में हार का सामना करना पड़ा है और वह अंक तालिका में सातवं स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर सीएसके ने अबतक नौ मैचों में चार जीत हासिल की है और वह भी 6 अंक लेकर छठे स्थान पर है। नेट रन रेट बेहतर होने के कारण वह दिल्ली से अंक तालिका में ऊपर है। पिछले मैच में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत से भी सीएसक टीम उत्साहित है। उसके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ भी फार्म में आ गये हैं जिससे टीम की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। टीम के पास संजू सैसमन जैसा बल्लेबाज भी है। सैमसन ने अब तक दो शतक लगाये हैं। जहां तक गेंदबाजी की बात है दोनो ही टीमों के पास अच्छे गेंदबाज हैं। दिल्ली के पास मिचेल स्टार्क के अलावा कुलदीप यादव और टी नटराजन जैसे गेंदबाज हैं। वहीं सीएसके के पास अंशुल कंबोज और मुकेश चौधरी व नूर अहमद हैं।

अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी केएल राहुल के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स और पथुम निसांका पर आधारित रहेगी।

दोनो ही टीमों के बीच अबतक 32 मुकाबले हुए है, इनमें से

दिल्ली कैपिटल्स ने 12 जबकि चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 मैच जीते हैं।

दोनो ही टीमों की संभावित अंतिम ग्यारह

चेन्नई सुपर किंग्स: रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान),संजू सैमसन (विकेटकीपर), उर्विल पटेल, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, जेमी ओवरटन, रामकृष्ण घोष, प्रशांत वीर, नूर अहमद, अंशुल कंबोज और मुकेश चौधरी

इम्पैक्ट प्लेयर: कार्तिक शर्मा

दिल्ली कैपिटल्स: अक्षर पटेल (कप्तान),केएल राहुल (विकेटकीपर), पथुम निसांका, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, नितीश राणा, आशुतोष शर्मा, काइल जैमीसन, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव और टी नटराजन।

## मैड्रिड ओपन 2026: जैनिक सिनर का कमाल, लगातार पांचवां मास्टर्स खिताब जीतकर रचा इतिहास

नईदिल्ली,(ए.)। दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने मैड्रिड ओपन में पुरुषों का सिंगल्स खिताब अपने नाम कर लिया. उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-1, 6-2 से मात दी. इस जीत के साथ, सिनर इतिहास के पहले ऐसे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने लगातार पांच मास्टर्स खिताब जीते हैं. वह इस सीजन के पहले चार मास्टर्स इवेंट जीतने वाले भी पहले खिलाड़ी हैं.

मैड्रिड का यह खिताब सिनर का 9वां मास्टर्स 1000 खिताब है. यह उस शानदार दौर की पराकाष्ठा है, जिसकी शुरुआत पिछले साल अक्टूबर में शंघाई में उनके रिटायर होने के बाद हुई थी. तब से, 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे-कार्लो और अब मैड्रिड में खिताब जीते हैं. इस दौरान उन्होंने इन सभी टूर्नामेंट्स में मिलाकर सिर्फ कुछ ही सेट्स गंवाए हैं.

इस इतालवी स्टार ने अब मास्टर्स इवेंट्स में लगातार 28 मैच जीते हैं, साथ ही इस स्तर पर खेले गए अपने पिछले 58 सेटों में से 56 सेट भी जीते हैं. सिनर ने अपने पिछले 47 मैचों में से 45 मैच भी जीते हैं, जो उनकी जबरदस्त निरंतरता को दिखाता है.

सिनर ने नौ में से आठ मास्टर्स 1000 खिताब पहले ही जीत लिए हैं, और अब तक सिर्फ़ रोम में होने वाला इटैलियन ओपन ही उनकी पहुंच से बाहर रहा है.

## थॉमस कप 2026 में फ्रांस का बड़ा उलटफेर, भारत को सेमीफानल में हराकर चौंकाया

होरसेंस (डेनमार्क)(ए.)। थॉमस कप 2026 के सेमीफाइनल में, पूर्व विजेता भारत को फ्रांस ने 0-3 से हराकर टूर्नामेंट में एक बड़ा उलटफेर कर दिया. इसके साथ ही पुरुषों की टीम बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत का अभियान थम गया. जहां फ्रांस ने अपने पहले थॉमस कप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया, वहीं भारत को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ेगा.

क्वार्टरफाइनल में कोहनी में चोट लगने के कारण लक्ष्य सेन की गैरमौजूदगी में पहला सिंगल्स खेल रहे आयुष शेट्टी, विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से सिर्फ 39 मिनट में 11-21, 9-21 से हार गए, जिससे फ्रांस ने 1-0 की बढ़त बना ली. श्रीकांत किदांबी ने विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स लानियर के खिलाफ अच्छी टक्कर दी, लेकिन 41 मिनट में 16-21, 18-21 से हार गए.

तीसरे सिंगल्स में, एच.एस. प्रणॉय ने विश्व के 17वें नंबर के खिलाड़ी टोमा जूनियर पोपोव के साथ कड़ा मुकाबला किया. लेकिन वो भी पहला गेम 19-21 से और दूसरा 16-21 से हार गए, जिससे फ्रांस ने एक यादगार जीत पक्की कर ली.

भारत की पुरुष टीम अंतिम चार में पहुंची थी, इसलिए उन्होंने एक पदक पक्का किया था, लेकिन टूर्नामेंट के इतिहास में भारत केवल दूसरी बार इस चरण तक पहुंचा था. इससे पहले उन्होंने 2022 में यह खिताब जीता था. इस बीच, फ्रांस ने ग्रुप चरण में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को चौंका दिया था और क्वार्टरफाइनल में जापान को 3-0 से हराया था.

इस बड़े मुकाबले से ठीक पहले, भारत को एक बड़ा झटका लगा जब लक्ष्य सेन को चोट के कारण सेमीफाइनल मैच से हटना पड़ा. इस झटके ने भारत की उम्मीदों पर लगभग पानी ही फेर दिया, क्योंकि उन्हें इस बेहद अहम मुकाबले के लिए अपनी टीम का कॉम्बिनेशन फिर से बनाना पड़ा.

# हार्दिक, ईशान और यशस्वी की बढ़ीं मुश्किलें, 'GF कल्चर' पर भड़का BCCI; अब रातों-रात बदलने जा रहा ये बड़ा नियम

नई दिल्ली(ए.)। भारतीय क्रिकेट और आईपीएल में इन दिनों एक नया ट्रेंड तेजी से पनप रहा है, जिसने क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की नींद उड़ा दी है। आईपीएल 2026 के दौरान कई दिग्गज और युवा खिलाड़ी अपनी-अपनी गर्लफ्रेंड के साथ घूमते नजर आ रहे हैं। इस 'गर्लफ्रेंड कल्चर' को लेकर अब बीसीसीआई ने सख्त रुख अपनाने का मन बना लिया है। जल्द ही खिलाड़ियों की महिला मित्रों के टीम बस, स्टेडियम और होटल में साथ रुकने पर कड़ी पाबंदी लगाई जा सकती है। हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, ईशान किशन और यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों की देखादेखी अब नए खिलाड़ी भी इस कल्चर का हिस्सा बन रहे हैं, जिस पर लगाम लगाने की तैयारी हो चुकी है।

### सट्टेबाजी का डर और विवादों के साये में 'गर्लफ्रेंड कल्चर'

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई इस मामले को लेकर बेहद गंभीर है। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि खिलाड़ियों की पत्नियों या परिवार के होटल में रुकने पर कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन गर्लफ्रेंड के मामले में कड़े नियम बनाने की सख्त जरूरत है। दरअसल, बोर्ड की चिंता का सबसे बड़ा कारण यह है कि इनमें से कुछ महिला मित्र पहले सट्टेबाजी (बेटिंग) का प्रचार करने वाली वेबसाइटों से जुड़ी रही हैं। इसके अलावा, हाल ही में कुछ खिलाड़ियों पर उनकी महिला मित्रों द्वारा



केस दर्ज कराने के मामले भी सामने आए हैं, जिससे भारतीय क्रिकेट की छवि पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है।

### 'ऑफिशियली अनाउंसड गर्लफ्रेंड' का तर्क सुनकर उड़े अधिकारियों के होश

इस पूरे मामले में सबसे हैरान करने वाला खुलासा तब हुआ जब बीसीसीआई के एक अधिकारी ने एंटी करप्शन यूनिट (ष्ट) से इस बारे में पूछताछ की। रिपोर्ट के मुताबिक, जब अधिकारी ने पूछा कि गर्लफ्रेंड को टीम होटल में रुकने की इजाजत कैसे मिल रही है, तो एसीयू का जवाब था कि उन्हें पत्नियों और 'ऑफिशियली अनाउंसड गर्लफ्रेंड' को साथ रुकने की अनुमति देने को कहा गया है। यह सुनकर बीसीसीआई अधिकारी भी दंग रह गए कि आखिर यह 'ऑफिशियली अनाउंसड गर्लफ्रेंड' का नियम आया कहां से, क्योंकि बोर्ड की तरफ से ऐसा कोई नियम कभी बनाया ही नहीं गया था।

### इन स्टार खिलाड़ियों की छिनेगी आजादी, अगले सीजन से लागू होंगे सख्त नियम

इस खुलासे के बाद अब यह तय माना जा रहा है कि बीसीसीआई अपनी आगामी बैठक में इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा करेगा। किसी बड़े बवाल या फिक्सिंग जैसे विवाद से बचने के लिए अगले आईपीएल सीजन से पहले ही नए और कठोर नियम लागू किए जा सकते हैं। पहले आईपीएल के दौरान गर्लफ्रेंड को होटल में रुकने की अनुमति नहीं थी, लेकिन अब यह एक ट्रेंड बन गया है। अगर नए नियम लागू होते हैं, तो मौजूदा सीजन में अपनी गर्लफ्रेंड के साथ खुलकर घूम रहे हार्दिक, ईशान, अर्शदीप और यशस्वी जैसे तमाम खिलाड़ियों पर इसका सीधा असर पड़ेगा और उन्हें होटल और टीम बस में इस तरह की आजादी नहीं मिल पाएगी।

## कोलकाता ने हैदराबाद के विजयी रथ को रोका, 7 विकेट से दी मात

नईदिल्ली,(ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 45वें मैच कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से मात दे दी. 166 रनों के लक्ष्य को केकेआर ने 3 विकेट खोकर 18.2 ओवर में ही हासिल कर लिया. जिसमें कप्तान रहाणे 36 गेंद में 43, फिन एलन के 13 गेंद में 29, अंगकृष रघुवंशी के 47 गेंद में 59 और रिंकू सिंह के 11 गेंद में नाबाद 22 रन सबसे अहम थे.

हैदराबाद की तरफ से कप्तान पैट कमिंस, शिवंग कुमार और साकिब हुसैन एक-एक लेने में सफल रहे.

इस जीत के साथ केकेआर ने हैदराबाद की लगातार पांच जीत के सिलसिले को भी तोड़ दिया है. इस मैच का नतीजा आने के बाद भी अंक तालिका में कोई ज्यादा बदलाव नहीं हुआ. क्योंकि केकेआर अभी भी 8 स्थान पर ही है, लेकिन उनके अंक 5 से बढ़कर सात हो गए है. वहीं हैदराबाद अभी भी तीसरे स्थान पर ही है.

इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ट्रेविस हेड (61 रन) के अर्धशतक के बावजूद कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के सामने 19 ओवर में 165 रन पर सिमट गई. एक समय हैदराबाद को स्कोर 105 रन पर एक ही विकेट था. लेकिन उसके बाद केकेआर के स्पिनरों ने मैच में ऐसी वापसी की कि पूरी टीम को 165 रन पर ही ढेर कर दिया.

केकेआर के लिए स्पिनरों में वरुण चक्रवर्ती ने 36 रन देकर तीन विकेट जबकि सुनील नारायण ने दो विकेट चटकाए. कार्तिक त्यागी को दो विकेट मिले जबकि कैमरन ग्रीन, अनुकूल रॉय और वैभव अरोड़ा ने एक एक विकेट झटका.

# विदेश समाचार

## होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे जहाजों को निकालने के लिए अभियान शुरू करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, (आरएनएस)। अमेरिका होर्मुज जलडमरूध्य में फंसे जहाजों को निकालने के लिए अभियान शुरू करेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा, ईरान युद्ध से तटस्थ और निर्दोष देश प्रभावित हुए हैं, और हमने इन देशों से कहा है कि हम उनके जहाजों को इन प्रतिबंधित जलमार्गों से सुरक्षित रूप से बाहर निकालेंगे, ताकि वे स्वतंत्र रूप से और कुशलता से अपना काम कर सकें। ये अभियान आज सुबह से शुरू हो गया है।

ट्रंप ने कहा, दुनिया भर के देशों ने अमेरिका से पूछा है कि क्या हम उनके जहाजों को छुड़ाने में मदद कर सकते हैं? ये जहाज होर्मुज में फंसे हुए हैं। ईरान, मध्य-पूर्व और संयुक्त राज्य अमेरिका की भलाई के लिए, हमने इन देशों से कहा है कि हम उनके जहाजों को इन प्रतिबंधित जलमार्गों से सुरक्षित रूप से बाहर निकालने में उनका मार्गदर्शन करेंगे, ताकि वे आजादी से और कुशलतापूर्वक अपना काम-काज जारी रख सकें।

ट्रंप ने कहा, यह प्रक्रिया, जिसे प्रोजेक्ट फ्रीडम नाम दिया गया है, सोमवार सुबह शुरू होगी। मुझे पूरी जानकारी है कि मेरे प्रतिनिधि ईरान देश के साथ बहुत ही सकारात्मक चर्चाएं कर रहे हैं। इनके परिणामस्वरूप सभी के लिए कुछ बहुत ही सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। मेरा मानना है कि यह कदम उन सभी लोगों की ओर से सद्भावना प्रदर्शित करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा, जो पिछले कई महीनों से संघर्ष कर रहे हैं।

## ईरान-पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने की फोन पर बातचीत, क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने पर हुई चर्चा

इस्लामाबाद,(आरएनएस)। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने अमेरिका और ईरान के बीच मौजूदा हालात और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान की कोशिशों को लेकर बातचीत की। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि डिप्टी प्राइम मिनिस्टर और विदेश मंत्री इशाक डार ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बात की। दोनों पक्षों ने मौजूदा इलाके के हालात और इलाके में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान की चल रही डिप्लोमैटिक कोशिशों पर चर्चा की। बयान में कहा गया कि ईरान के विदेश मंत्री ने संबंधित पक्षों के बीच पाकिस्तान की संरचनात्मक भूमिका और ईमानदारी से मध्यस्थता की कोशिशों की सराहना की।

डार ने रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता को दोहराया और जोर दिया कि बातचीत और डिप्लोमेसी ही मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान और इस क्षेत्र और उससे आगे स्थायी शांति और स्थिरता हासिल करने का एकमात्र सही रास्ता है। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय ने कन्फर्म किया है कि अमेरिका के विश्वास बहाली के उपाय के तहत जब्त किए गए ईरानी जहाज के क्रू मेंबर्स को पाकिस्तान ले जाया गया और आज उन्हें ईरान को सौंप दिया जाएगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने एक्स पर लिखा, अमेरिका की तरफ से जब्त किए गए ईरानी कंटेनर जहाज 'एमवी तोऊसका' पर मौजूद 22 क्रू मेंबर्स को विश्वास बहाली के उपाय के तहत पाकिस्तान ले जाया गया है।

ताहिर अंद्राबी ने कहा, ईरानी जहाज को भी जरूरी रिपेयर के बाद उसके असली मालिकों को लौटाने के लिए पाकिस्तान के पानी में वापस भेजा जाएगा। ईरान और अमेरिका दोनों तरफ से सहयोग जारी है।

अंद्राबी ने कहा कि पाकिस्तान इलाके की शांति और सुरक्षा के लिए चल रही मध्यस्थता की कोशिशों को आगे बढ़ाते हुए बातचीत और डिप्लोमेसी को आसान बनाता रहेगा।

## इमरान खान को झटका, कोर्ट ने की याचिका खारिज



इस्लामाबाद(आरएनएस)। इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) ने सोमवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी बेगम बुशरा बीबी की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें 190 मिलियन पाउंड के भ्रष्टाचार मामले में उनकी सजा सस्पेंड करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा कि उनकी मुख्य अपीलों पर सुनवाई पहले ही तय हो चुकी है। पाकिस्तान के जाने-माने अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, चीफ जस्टिस सरदार मुहम्मद सरफराज डोगर की अगुवाई वाली दो सदस्यीय बेंच 7 मई को सेंट्रल अपील पर सुनवाई करेगी। कोर्ट ने निलंबन आवेदन को अप्रासंगिक बताया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) संस्थापक इमरान खान तोशखाना मामले में अगस्त 2023 से जेल में हैं, और 190 मिलियन पाउंड (अल-कादिर ट्रस्ट) मामले में रावलपिंडी की अदियाला जेल में 14 साल की सजा काट रहे हैं।

2025 में, इस्लामाबाद की एक अकाउंटेबिलिटी कोर्ट ने इस केस में इमरान खान और बुशरा बीबी को क्रम से 14 और सात साल जेल की सजा सुनाई थी। कपल ने इस्लामाबाद हाई कोर्ट में इसे चुनौती दी है।

उन पर आरोप है कि उन्होंने एक रियल एस्टेट फर्म से अवैध लाभ के बदले में जमीन हासिल की और ट्रस्ट बनाकर 50 अरब पाकिस्तानी रुपये को वैध बनाने की कोशिश की।

पीटीआई लगातार इमरान की सजा का विरोध करती आई है और उनकी हिरासत का पुरजोर विरोध किया है। पूर्व पीएम जेल में 1,000 दिन गुजार चुके हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार पार्टी उनकी सजा को राजनीति से प्रेरित, संवैधानिक और कानूनी रूप से कमजोर बताती आई है।

## आईआरजीसी ने जारी किया नया नक्शा, होर्मुज स्ट्रेट की सीमाओं को अपने नियंत्रण में बताया

तेहरान(आरएनएस)। ईरान में इस्लामिक क्रांतिकारी गार्ड कोर नेवी (आईआरजीसी ) ने सोमवार को एक नया मानचित्र जारी किया है, जिसमें उसने होर्मुज स्ट्रेट क्षेत्र को ईरान की सेना के कंट्रोल में दिखाया। आईआरजीसी नेवी ने कहा कि यह क्षेत्र ईरान में कुह-ए-मोबारक और संयुक्त अरब अमीरात में फुजैरा के दक्षिण के बीच की एक लाइन से शुरू होता है और ईरान के केशम आइलैंड के आखिर और यूएई में उम्म अल क्वैन के बीच की एक और लाइन से शुरू होता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि उनके नियंत्रण का क्षेत्र बदला है या नहीं या कितना बदला है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने यूएई के तेल प्रोड्यूसर्स ग्रुप ओपेक छोड़ने के फैसले पर बयान जारी किया है। बाघेई ने कहा कि ओपेक से निकलना सदस्यों के प्रति नकारात्मक या बदले की भावना से किया गया रिएक्शन नहीं है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि ईरान ओपेक के अंदर अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेगा।

## कनाडा ने खालिस्तान चरमपंथियों को 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा' घोषित किया

नई दिल्ली(आरएनएस)। कनाडा की खुफिया एजेंसी ने खालिस्तानी उग्रवादियों को देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा करार दिया है। एजेंसी का कहना है कि कनाडा में सक्रिय कुछ चरमपंथी समूह सरकारी और सामाजिक संस्थानों का इस्तेमाल कर अपने अलगाववादी एजेंडे को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही, समुदाय के भीतर से जुटाए गए धन का उपयोग हिंसक गतिविधियों और प्रचार अभियानों में किए जाने की भी आशंका जताई गई है।कनाडियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस की वर्ष 2025 की




सार्वजनिक रिपोर्ट शुक्रवार को सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडा में मौजूद कुछ खालिस्तानी समर्थक तत्व लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी में हैं और उनकी गतिविधियां चिंता का विषय बनी हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ये उग्रवादी समूह कनाडा में उपलब्ध स्वतंत्र संस्थागत ढांचे और सामुदायिक नेटवर्क का उपयोग अपने प्रचार और फंडिंग के लिए करते हैं। एजेंसी ने कहा कि कुछ लोग समुदाय से आर्थिक सहायता जुटाकर उसे हिंसा से जुड़ी गतिविधियों और विदेशी अभियानों में इस्तेमाल करने की कोशिश करते हैं। सीएसआईएस ने स्पष्ट किया कि खालिस्तानी उग्रवाद उन संगठनों और व्यक्तियों से जुड़ा है, जो भारत के भीतर अलग संप्रभु राज्य की मांग का समर्थन करते हैं।

# सीजफायर के बीच महायुद्ध की आहट: ट्रंप की ईरान को खुली चेतावनी- डील करो, वरना तबाही तय



नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच भले ही फिलहाल सीजफायर लागू हो, लेकिन दोनों देशों के रिश्तों में तनाव लगातार बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को सख्त संदेश देते हुए कहा है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो सैन्य कार्रवाई से इनकार नहीं किया जा सकता। परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ता तनाव और सुरक्षा गारंटी जैसे मुद्दों पर दोनों देशों के बीच सहमति नहीं बन पा रही है, जिससे क्षेत्र में बड़े संघर्ष की आशंका फिर तेज हो गई है।

इसी बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने क्षेत्र की मौजूदा स्थिति और शांति बहाली के प्रयासों पर चर्चा की। ईरान की ओर से कहा गया कि वह कूटनीतिक रास्ते से अमेरिका और इजरायल के साथ जारी तनाव को खत्म करना चाहता है। हालांकि सीजफायर के बावजूद हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हुए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत बार-बार तीन अहम मुद्दों पर अटक रही है। इनमें ईरान का परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री गतिविधियों पर नियंत्रण और भविष्य में हमले नहीं करने की गारंटी शामिल है। अमेरिका इन मामलों में सख्त रुख अपनाए हुए है, जबकि ईरान भी अपनी शर्तों से पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा।डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान पहले की तुलना में कमजोर स्थिति में है और समझौते के लिए दबाव में है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रशासन के पास डील का प्रारूप पहुंच चुका है और जल्द ही इस पर फैसला लिया जाएगा। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि यदि ईरान ने गलत कदम उठाया तो सैन्य विकल्प खुला रहेगा। उधर, होर्मुज स्ट्रेट को लेकर तनाव लगातार बढ़ रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों और समुद्री दबाव का असर ईरान की अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई दे रहा है। भारी तेल उत्पादन के बावजूद ईरान को निर्यात में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उसकी आय प्रभावित हुई है। इसका असर उन देशों पर भी पड़ रहा है जो ईरानी तेल पर निर्भर रहे हैं, खासकर चीन। ईरानी मीडिया के अनुसार, अमेरिका की ओर से रखी गई शर्तों के जवाब में तेहरान ने नया प्रस्ताव भेजा है। बताया जा रहा है कि इस प्रस्ताव में तनाव कम करने के लिए चरणबद्ध योजना, होर्मुज क्षेत्र में राहत और परमाणु मुद्दे पर सीमित लचीलापन शामिल है। इसके साथ ही ईरान ने प्रतिबंधों में ढील और सुरक्षा की गारंटी की मांग भी दोहराई है।ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि उनका देश बातचीत और शांति के लिए तैयार है, लेकिन राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अब यह अमेरिका पर निर्भर करता है कि वह कूटनीति को प्राथमिकता देता है या टकराव का रास्ता चुनता है। फिलहाल दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है, लेकिन अविश्वास और कठोर शर्तों के कारण समझौते की राह आसान नहीं दिख रही। दुनिया की नजर अब इस बात पर टिकी है कि क्या नया प्रस्ताव मध्य पूर्व में शांति ला पाएगा या फिर क्षेत्र एक बड़े संकट की ओर बढ़ेगा।

# जनगणना एवं जल गंगा संवर्धन अभियान में अपेक्षित गति नहीं होने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी, तेजी लाने के दिए निर्देश



सीहोर (ए.)। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने विभिन्न शासकीय योजनाओं और अभियानों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, जनगणना, वन मित्र पोर्टल पर वनाधिकार दावों के पंजीयन, कॉलेजों में प्रवेश तथा समग्र ई-केवाईसी जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन अभियानों में लापरवाही बिल्कुल भी स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्यों में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने और जमीनी स्तर पर परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले में संचालित विभिन्न शासकीय कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जनगणना कार्य में अपेक्षित गति नहीं होने पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। इस दौरान अभियान की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक गतिविधियां आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, इसलिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनभागीदारी बढ़ाएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव-गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे आमजन को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान को केवल औपचारिकता न मानते हुए इसे जन आंदोलन का रूप दिया जाए, ताकि इसके सकारात्मक परिणाम दिखाई दें। बैठक में कलेक्टर ने कॉलेजों में छात्रों के प्रवेश की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि 12वीं पास सभी विद्यार्थियों का कॉलेजों में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी छात्र प्रवेश से वंचित न रहे।

## पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की जीत पर अटल चौक पर जमकर आतिशबाजी



सीहोर (निप्र)। सोमवार को भाजपा नगर मंडल सीहोर के तत्वाधान में नगर के अटल चौक लीसा टाकीज चौराहे पर भारतीय जानता पार्टी को पश्चिम बंगाल एवं असम राज्य में प्रचंड बहुमत से विजयी प्राप्त होने पर सभी कार्यकर्ताओं के साथ आतिशबाजी एवं मुंह मीठा कराकर जीत का जश्न मनाया गया और कहाकि आजादी के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में कमल खिलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है।इस अवसर पर विधायक राय ने कहा कि इस जीत का श्रेय भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं भारतीय जानता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है जो हर स्तिथि में भाजपा के साथ डट कर खड़े रहे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने का जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी।

## श्री वैष्णव बैरागी समाज विकास समिति आष्टा की कौर कमेटी की बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ

आष्टा (निप्र)। 3 मई को श्री वैष्णव बैरागी समाज विकास समिति आष्टा की बैठक समिति अध्यक्ष राम दास बैरागी की अध्यक्षता में आयोजित की गई उक्त बैठक में विगत वर्ष के दौरान समिति के द्वारा किए गए कार्य की समीक्षा की गई एवं नई कार्य योजना पर चर्चा की गई तथा समिति का कार्य काल पूरा होने पर नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें तहसील अध्यक्ष पद पर राकेश बैरागी पत्रकार एवं उपाध्यक्ष पद पर राम दास बैरागी जसमत एवं सचिव पद पर कमल बैरागी नगर अध्यक्ष पद पर ब्रजमोहन बैरागी, कोषाध्यक्ष पद पर दुर्गा दास बैरागी, संरक्षक सदस्य दामोदर दास बैरागी, सहसचिव संतोष बैरागी पुजारी प्रकोष्ठ श्री युवा अध्यक्ष सोनू बैरागी, उपाध्यक्ष राहुल बैरागी संयुक्त सचिव हरिदास बैरागी,, बजरंग दास बैरागी, आनंद बैरागी सहित कार्यकारणी में मनोनीत किए गए शेष पदों पर अति शीघ्र विस्तार किया जाएगा



## कृत्रिम पैरों से उमा के आत्मविश्वास और सपनों को मिली नई उड़ान

सीहोर (निप्र)। शासन द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के समग्र कल्याण और उन्हें सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन्हीं में से एक है एडिप योजना, जो दिव्यांगजनों के जीवन में नई रोशनी और आत्मविश्वास का संचार कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे जरूरतमंदों को समय पर आवश्यक सहायता मिल रही है। सीहोर निवासी श्रीमती उमा चौरासिया के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं रही। जब उन्हें जानकारी मिली कि सामाजिक न्याय विभाग द्वारा सीहोर में विशेष शिविर आयोजित कर दिव्यांगजनों को ऑन द स्पॉट कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे, तो वे निर्धारित समय पर शिविर में पहुंचीं।

## मारुति नंदन महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ढ़ोल नगाड़े के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

सीहोर (निप्र)। रामाखेड़ी में श्री एकादस कुण्डीय श्री मारुति नंदन महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत ढोल नगाड़े के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई द्य कलस यात्रा का ग्रामीणजनों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया द्य कलश यात्रा में हरिहर दास गुरु साहब फंदा के प्रमुख गुरुजन, यज्ञ संचालक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे ,यज्ञ आचार्य पंडित मांगीलाल व्यास, कथावाचक निधि किशोरी, पंडित देवेंद्र आचार्य, पुजारी विष्णुदास व अन्य विप्रजनों, संतजनो की उपस्थिती में शिव परिवार पूजन, पंचाग पूजन,मंडप पूजन आदि कराया गया द्य कार्यक्रम मे प्रतिदिन कथावाचक निधि किशोरी के मुखारविंद से सगीतमय श्रीराम कथा का वाचन किया जा रहा है द्य भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा द्य ग्रामवासियो ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से अपील की है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें।



## घुसपैठियों को अब पश्चिम बंगाल से सख्ती के साथ खदेड़ा जाएगा:राय

सीहोर (निप्र)। कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेई चौराहे पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के झंडे लहराकर पश्चिम बंगाल विजयश्री की खुशियां मनाई। कार्यकर्ताओं ने विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में सड़क पर ढोल बाजे के साथ जोरदार आतिशबाजी की और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों के साथ नागरिकों को मिष्ठान का वितरण किया।उत्साही कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति और चुनाव प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सांसद आलोक शर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओ और लाखों कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से चार दशक बाद पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत मिली है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित देश भर में अवैधानिक रूप से रह रहे घुसपैठियों को अब और सख्ती के साथ देश से बाहर निकाला जाएगा। अब पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी सुशासन देते हुए जनता की सेवा करेगी।कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को दो दशक बाद पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, मंडल एक अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, मंडल दो अध्यक्ष सुशील ताम्रकार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील राय, पम्पू आकाश वर्मा,पार्षद मुकेश मेवाडा, पप्पू यादव, कमलेश कुशवाहा, निर्मल पवार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल के तत्वाधान में आगामी 18 मई से भागवत कथा



सीहोर (निप्र)। शहर के खंजाची लाइन में अधिकमास पर सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल के तत्वाधान में आगामी 18 मई सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसकों लेकर महिला मंडल की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला और समाजजन शामिल रहे।सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल अध्यक्ष सुश्री नीलम शर्मा ने बताया कि आगामी 18 मई से होने वाली सात दिवसीय भागवत कथा भागवत भूषण पंडित शंकर तिवारी के द्वारा की जाएगी। इसके मुख्य यजमान समाज के कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास एवं उनकी धर्म पत्नी हेमा व्यास को बने है। बैठक में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, धर्मशाला अध्यक्ष मनोहर शर्मा, चल समारोह अध्यक्ष राजेश शर्मा, युवा अध्यक्ष रजत शर्मा, सुनील पाराशर, नौनी उपाध्याय, मिश्रा वकील साहब, सतीश भार्गव चंदू शर्मा आदि शामिल थे। इसके अलावा महिला मंडल की ओर से आशा शर्मा राधे शर्मा शोभा शर्मा नेहरू कॉलोनी, लता शर्मा शोभा शर्मा सुधा व्यास तारा उपाध्याय कुमकुम उपाध्याय ,चन्द्र कला शशि शर्मा माया शर्मा मालती शर्मा रमा तिवारी ज्योति शर्मा रेखा शर्मा, अर्चना पचौरी रीना शर्मा किरण मिश्रा , आशा शर्मा देवी शर्मा , उषा श्रोत्रिय सारिका पचौरी शैलजा शर्मा, राखी पारीख, वर्षा पारीख, पिंकी शर्मा अनीता शर्मा, नीतू शर्मा, संध्या तिवारी, गुंजा शर्मा नीति शर्मा,हीरा शुक्ला, रश्मि, शीला शर्मा, अरुणा शर्मा ,सुनीता शर्मा गायत्री शर्मा, कामना शर्मा,ऋचा शर्मा, विधि शर्मा,अर्चना शर्मा,प्रीति शर्मा, रेणु शर्मा, मनोरम शर्मा, निशा उपाध्याय, अर्चना शर्मा शिवाराध्य अनीता शर्मा, किरण राजोरिया आदि।

## ग्राम महुआखेड़ी में सात मई को निकाली जाएगी भव्य शिव बारात

### रामलीला में भगवान राम के जन्म का मंचन किया

सीहोर (निप्र)। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम महुआखेड़ी में सात दिवसीय विशाल एकादश कुण्डिय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सुबह ग्राम के मध्य बने भव्य मंदिर परिसर में यज्ञशाला में विप्रजनों के द्वारा वेद मंत्रों के द्वारा हवन-पूजन किया जा रहा है। वहीं रात्रि को प्रतिदिन रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला में भगवान राम के जन्म का मंचन एक भावपूर्ण और सजीव दृश्य कलाकारों ने प्रस्तुत किया, जिसमें राजा दशरथ के पुत्रकामेष्टि यज्ञ और अयोध्या में खुशियों का वर्णन किया जाता है। इस दौरान भजन और जयकारों के साथ रामायण के इस प्रमुख दृश्य का अभिनय किया। यज्ञ संचालक 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे ने बताया कि आगामी सात मई को भव्य शिव बारात निकाली जाएगी।ग्राम महुआखेड़ी के समस्त ग्रामीणों के सहयोग से यहां पर विशाल एकादश कुण्डिय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

## श्री राधेश्याम विहार कालोनी में कलश यात्रा के साथ किया मंडप प्रवेश

सीहोर (निप्र)। शहर के मुगीसपुर स्थित श्रीराधेश्याम विहार कालोनी में सोमवार को आस्था और उत्साह के साथ श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। इस मौके पर विप्रजनों के द्वारा यहां पर यज्ञ में शामिल यजमानों से प्रायश्चित हेमाद्री स्नान, पंचांग पूजन और कलश यात्रा के उपरांत मंडप प्रवेश कराया।यज्ञाचार्य पंडित सतीश तिवारी के मार्गदर्शन में एक दर्जन से अधिक विप्रजनों के द्वारा श्री लघु रुद्र यज्ञ का आरंभ कलश यात्रा के साथ किया गया था। इस मौके पर कथा वाचक पंडित मोहितराम पाठक सहित समस्त कालोनीवासी शामिल थे। संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि मंगलवार को देवता आह्वान, अग्नि स्थापना, हवन प्रारंभ एवं भगवान का जलाधिवास का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुगीसपुर स्थित श्री राधेश्याम विहार कालोनी में भव्य रूप से मंदिर का निर्माण किया गया है। इसमें श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोतसव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से नियमित रूप से शामिल होने की अपील की।



## हरीश राजपूत ने उठाई आवाज

### निर्माणाधीन सडक़ पर स्ट्रीट लाइट नहीं, सीएसआर कार्यों में गड़बड़ी के आरोप

सीहोर (निप्र)। जिले में हाउसिंग बोर्ड से फंदा टोल तक बन रही सडक़ को लेकर स्थानीय युवक हरिश राजपूत ने प्रशासन के सामने गंभीर मुद्दे उठाए हैं। कलेक्टर को दिए गए आवेदन में उन्होंने सडक़ निर्माण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की कमी और सीएसआर फंड के दुरुपयोग पर सवाल खड़े किए हैं। हरिश राजपूत ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि यह मार्ग जिले का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां से रोजाना सैकड़ों ग्रामीण और शहरी लोग गुजरते हैं। इसके बावजूद सडक़ पर स्ट्रीट लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे रात के समय हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है।उन्होंने खास तौर पर थूना कलाँ और पचामा क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि यहां महिलाओं, विद्यार्थियों और बुजुर्गों की आवाजाही अधिक रहती है, लेकिन अंधेरे के कारण सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना हुआ है।इसके अलावा, ग्राम पंचायत थूना कलाँ क्षेत्र में सीएसआर फंड से कराए गए तालाब गहरीकरण कार्य पर भी हरिश राजपूत ने सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है रोड निर्माण कंपनी ने बिना पंचायत की अनुमति और बिना विधिवत स्वीकृति के कार्य किया गया और बाद में सिर्फ औपचारिकता निभाकर उसे पूर्ण दिखा दिया गया।



## बीएसआई पर विमला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता, आज खेला जाएगा कृष्णा ब्लास्टर और गणेश के मध्य मैच

### कृष्णा ब्लास्टर ने क्रिसेंट वारियर को 77 रन से हराया

सीहोर। शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही विमला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत एक तरफा मुकाबले में कृष्णा ब्लास्टर ने क्रिसेंट वारियर को 77 रन से हराया। इस मैच में युरेश ने 33 गेंद पर 68 रन, अंश यादव ने 75 रन और मानस सोनी ने 60 रन की पारी खेली। इस मौके पर आयोजनकर्ता आदर्श राय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर की टीम ने 40 ओवर में नौ विकेट खोकर 309 रन बनाए थे। इसमें युरेश ने 68 रन, अंश यादव ने 75 रन, उज्जवल ने 25 रन, हार्दिक ने 10 रन और मानस सोनी ने 60 रन बनाए थे। इधर क्रिसेंट वारियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए स्पनिल ने तीन विकेट, निर्भय प्रजापति-अर्पित राजपूत ने दो-दो विकेट और यश दुबे ने एक विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिसेंट वारियर की टीम 35 ओवर में 233 रन ही बना सकी। इसमें आदिल खान ने 12 रन, स्पनिल ने 34 रन, विकास सास्ता 82 रन, वीर गाबा ने 17 रन, यश दुबे ने 15 रन और निर्भय प्रजापति ने 28 रन बनाए थे।

## जैसे ही पॉकलेन सिवान की गोद में उतरी, पॉकलेन पर चढ़ लहर आया तिरंगा, गूंज उठे भारत माता के नारे सीवन पुत्रों की आंखों में आए आंसू




### दिनभर चली पॉकलेन कई डंपर खोदी मिट्टी, हटा दिए बड़े-बड़े पत्थरों को सीवन की गोद से

सीहोर (निप्र)। रविवार सुबह 7:30 बजे जैसे ही नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा भेजी गई डंपर सिवान मां की गोद में उतरी उतरते ही पोकलेन ने अपना काम शुरू कर दिया और श्रमदान करवा कर लौटे जीवन पुत्र तिरंगे लेकर हवेली के रूप में पहुंचे हनुमान पाठक धाम और पोकलेन पर चढ़कर लहरा दिया तिरंगा गूंजे भारत माता के नारे सिवान पुत्रों की आंखें भीगी आंसुओं से ज्ञात होगी जीवन पुत्र सिवान पुत्री एवं सिवान योद्धा विगत 31 दिनों से C1 की गोद में रहकर सिवान से जलकुंभी कचरा हुआ अन्य पदार्थ को हटाकर स्वच्छता का दे रहे थे संदेश और इसी के साथ सिवान पुत्र बनाने का अभियान चला रहा और यह अभियान पूरे भारत में लागू कर दिया गया आज इस सिवान पुत्र अभियान की प्रशंसा मध्य प्रदेश में ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारत में हो रही है सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया कि जो सपना जीवन आधार का वह मूल स्वरूप का जीवन पुत्रों ने देखा है वह सपना आज सरकार नजर आ रहा है 2026 जीवन के लिए मिल का पत्थर साबित होगा और किसी भी कीमत पर C1 का मूल उधर होकर रहेगासभी ने नगर पालिका परिषद सीहोर का नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर का आभार प्रकट किया, उन्होंने हेमंत दरबार का भी आभार प्रकट किया दोपहर को सिवान पुत्र की टीम पोकलेन ऑपरेटर का सम्मान करने हनुमान पाठ तक धाम पहुंची जहां पर पोकलेन ऑपरेटर को फूल माला दुपट्टे डालकर वह मिठाई खिलाकर बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी इस अवसर पर समाजसेवी अजय राठौर ,दीपक बाथम, प्रदीप चावड़ा जगदीश वर्मा राधेश्याम नाविक विनोद यादव आकाश सिंह प्रकाश यादव, लक्ष्मण सिंह चौकसे, राजेश नामदेव, कनीराम मालवीय, वैभव राठौर, कैलाश चौहान, मुकेश राय, विनोद यादव, जगदीश वर्मा, नितेश जायसवाल,उमेश चावड़ा आदि ने हर्ष जताया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com